CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स
एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....

गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

वर्ष- 43 | अंक -270 | राजनांदगांव, रविवार 18 अगस्त 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# विधायक देवेंद्र यादव गिरफ्तार : पूर्व सीएम बघेल ने बताई दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई, बोले- उनकी कोई भूमिका नहीं

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार को दिनभर के हाईवोल्टेज सियासी ड्रामे के बाद पुलिस ने गिरफ्तारी की। इस दौरान पुलिस की समर्थकों से भी जमकर झड़प हुई। देवेंद्र यादव गिरफ्तारी को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इसे दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई बताते हुए इसमें भाजपा नेता सनम जांगड़े की भूमिका बताई है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस लगातार दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई कर रही है। जबकि, भाजपा नेता सनम जांगड़े की भूमिका पूरे कार्यक्रम में रही। इसके बावजूद भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में देवेंद्र यादव की कोई भूमिका नहीं थी फिर भी उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि, पुलिस राजनीतिक दबाव में कार्रवाई न करे। इस मामले में हम विधिक सलाह ले रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी को लेकर हम राजनीतिक लड़ाई भी लड़ेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## युवा कांग्रेस ने फूंका गृहमंत्री का पुतला

विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में रायपुर के राजीव गांधी चौक में युवा कांग्रेस ने गृहमंत्री विजय शर्मा पुतला फूंका। जहां पुलिस के साथ जमकर झूमाझटकी हुई। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद कश्यप के नेतृत्व में पुतला फूंका गया है। वहीं बलौदाबाजार सिटी कोतवाली पुलिस भी अलर्ट मोड में है. जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 100 से भी अधिक जवानों की तैनाती की गई है।

## डिप्टी सीएम शर्मा बोले- जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे देवेंद्र यादव, शांति बनाए रखने की अपील



रायपुर। बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार को दिनभर के हाईवोल्टेज सियासी ड्रामे के बाद पुलिस ने गिरफ्तारी की। उनकी गिरफ्तारी पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, विधायक देवेंद्र यादव पुलिस को सहयोग नहीं कर रहे थे। इस वजह से उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा है। इस घटना में कोई भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। देवेंद्र यादव ने गिरफ्तारी के दौरान सफेद झंडा का सहारा लिया है। वो समाज विशेष को गिरफ्तारी से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की दुर्भावना से कार्रवाई नहीं की गई है। मैं प्रदेश में सभी से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं।

### सुबह ही घर पर पहुंची पुलिस

उल्लेखनीय है कि, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के घर बलौदाबाजार पुलिस पहुंची थी। उनके निवास के बाहर समर्थकों की भारी भीड़ मौजूद थी और पुलिस को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था। इसी बीच पीसीसी चीफ दीपक बैज उनके निवास पहुंचे थे और बंद कमरे में नेताओं के बीच बातचीत चल रही है। बलौदाबाजार हिंसा मामले में चौथी बार नोटिस जारी होने के बाद विधायक ने बयान देने जाने से मना किया था।

## बजरंग पुनिया ने किया तिरंगे का अपमान, सोशल मीडिया पर लोगों ने सुनाई खरी-खोटी



इंदौर। भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट के रोड शो में पहलवान बजरंग पुनिया से बड़ी गलती हो गई। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के पोस्टर पर अपना जूता रख दिया। उनका यह वीडियो वायरल हो गया, जिससे लोग भड़क गए। उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है।

विनेश के स्वागत के लिए बजरंग और साक्षी कार से पहुंचे थे। यह कार पूरी तरह से सजी हुई थी, जिस पर तिरंगे का पोस्टर भी था। विनेश की बाइट लेने के लिए मीडिया की भीड़ भी थी, जिसको हटाने के लिए बजरंग कार के बोनट पर आ गए। इस दौरान उन्होंने तिरंगे के पोस्टर पर अपने पैर रख दिए।

### मच गया हंगामा

बजरंग से गलती अनजाने में हुई। वह भीड़ को नियंत्रित करने के चक्कर में तिरंगे पर अपना पैर रख बैठे। बजरंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। उसके बाद उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार लिखा जा रहा है। लोग उनकी आलोचना करते हुए कह रहे हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी से आईएमए ने कोलकाता कांड में हस्तक्षेप की अपील की, पत्र लिखकर रखी पांच मांगें



नई दिल्ली। इंडियन मेडिकल एसोसिशन (आईएमए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है और डॉक्टरों की सुरक्षा समेत कई मांगें रखी है। आईएमए ने पत्र में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भीड़ की ओर से की गई तोड़फोड़ की भी जिक्र किया। डॉक्टरों की सुरक्षा पर चिंता जाहिर करते हुए आईएमए ने कहा कि डॉक्टर, खासकर महिलाएं, अपने पेशे की प्रकृति के कारण हिंसा के प्रति अधिक संवेदनशील हैं।

### आईएमए की पांच मांगें

पहली मांग- महामारी रोग अधिनियम 1897 में 2020 के संशोधन को स्वास्थ्य सेवा कार्मिक और नैदानिक प्रतिष्ठान (हिंसा और संपत्ति क्षति प्रतिषेध विधेयक,2019) के मसौदे में शामिल करते हुए एक केंद्रीय कानून बनाया जाए। इससे मौजूदा 25 राज्यों के कानूनों को मजबूती मिलेगी।

दूसरी मांग- सभी अस्पतालों को सुरक्षा अधिकारों के साथ सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए। अस्पतालों के सुरक्षा प्रोटोकॉल हवाई अड्डे जैसे हों। सभी अस्पतालों में सीसीटीवी, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए।

तीसरी मांग- पीड़िता द्वारा की जा रही 36 घंटे की ड्यूटी शिफ्ट और सुरक्षित स्थानों की कमी और पर्याप्त आराम कक्षों की कमी निवासी डॉक्टर्स के कार्यकारी और रहने की स्थितियों की पूरी तरह से समीक्षा की जाए।

चौथी मांग- अपराध की सावधानीपूर्वक और पेशेवर जांच एक समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए, ताकि न्याय मिल सके। और

पांचवीं मांग- पीड़ित परिवार को अपराध की जघन्यता के अनुसार उपयुक्त और गरिमापूर्ण मुआवजा दिया जाए।

आईएमए ने पीएम के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन की सराहना की आईएमए ने पत्र में प्रधानमंत्री से कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में महिलाओं की सुरक्षा के बारे में आपकी टिप्पणियों की हम सराहना करते हैं। हम आपसे इस समय इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 7 दिन की पुलिस रिमांड पर विधायक देवेंद्र यादव-भिलाई से गिरफ्तार कर लाया गया था बलौदाबाजार; देर रात कोर्ट में हुई पेशी

### वकील ने जतायी गिरफ्तारी पर आपत्ति



रायपुर (दावा)। गिरफ्तार विधायक देवेंद्र यादव को रायपुर सेंट्रल जेल में रखा गया है। देर रात बलौदाबाजार पुलिस उन्हें रायपुर केंद्रीय जेल पहुंची। इससे पहले भिलाई से देवेंद्र यादव को लेकर बलौदाबाजार की पुलिस अपने साथ ले गयी थी।

पुलिस ने तमाम कागजी कार्रवाई करने के बाद विधायक देवेंद्र यादव को कोर्ट में पेश किया। इस दौरान विधायक के वकील हर्षवर्धन परगनिया ने कोर्ट में पुलिस की गिरफ्तारी पर आपत्ति दर्ज की। वकील श्री परगनिया ने कहा कि पुलिस ने सिटिंग विधायक के खिलाफ गलत कार्रवाई की है। कोर्ट में पेश करने के पूर्व दर्ज एफआईआर की कॉपी तक अधिवक्ता को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आसाराम को मिली पैरोल से पीड़िता के परिवार में खौफ, सुरक्षा की लगाई गुहार



जोधपुर। आसाराम को जोधपुर हाईकोर्ट से 7 दिन की पैरोल मिलने के बाद वह जेल से बाहर आ गया है। इसके बाद से ही शाहजहांपुर की दुष्कर्म पीड़िता के परिवार में खौफ है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि जब आसाराम जेल में था, तब भी उन्हें धमकियां मिलती थीं। अब उसके जेल से बाहर आने के बाद परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

### परिवार ने बढ़ाई सुरक्षा की मांग

पीड़िता के पिता ने बताया कि जेल में रहते हुए भी आसाराम के समर्थकों से उन्हें लगातार धमकियां मिलती रहीं। दो गवाहों की हत्या भी हो चुकी है, जिससे परिवार में पहले से ही दहशत थी। अब आसाराम के जेल से बाहर आने के बाद परिवार की सुरक्षा को लेकर और ज्यादा चिंता हो गई है। पिता ने शाहजहांपुर एसपी से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

### पुलिसकर्मी नहीं निभाते ठीक से अपनी जिम्मेदारी

पीड़िता के पिता का कहना है कि सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी ठीक से अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते। पुलिसकर्मी सुबह 11 बजे आते हैं और शाम 6 बजे चले जाते हैं। इस दौरान भी वे अपनी ड्यूटी को गंभीरता से नहीं लेते। पिता ने इस बारे में शाहजहांपुर एसपी अशोक मीणा से बात की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### क्या था पूरा मामला?

2013 में शाहजहांपुर की नाबालिग पीड़िता ने आसाराम पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस मामले में जोधपुर की विशेष पोस्को अदालत ने 25 अप्रैल 2018 को आसाराम को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अब कॉर्पोरेट एक्सपर्ट बिना यूपीएससी पास किए बनेंगे अफसर, मोदी सरकार ने उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली। मोदी सरकार सरकारी कामकाज में पांच साल पहले एक नया तरीका लाई थी, जिसको लेटरल एंट्री कहा जाता है। इस तरह की भर्ती 2019 में पहली बार की गई थी, और अब इसे बड़े पैमाने पर दोहराया जा रहा है। लेटरल एंट्री को सरकारी नौकरशाही में बाहरी विशेषज्ञों को लाने की योजना के तौर पर समझा जा सकता है।

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही प्रशासनिक तंत्र में नई ऊर्जा लाने के लिए प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। केंद्र सरकार ने इस सप्ताह की शुरुआत में ही कैबिनेट सचिव और गृह सचिव सहित 20 सचिवों के तबादले किए हैं। इसके साथ ही, सरकार ने प्रशासनिक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वह है 'डोमेन एक्सपर्ट्स' यानी विशेषज्ञों की भर्ती। केंद्रीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इस संबंध में एक विज्ञापन जारी किया है। मौजूदा समय की सबसे बड़ी लेटरल एंट्री के तहत सरकार का लक्ष्य संयुक्त सचिव, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 69000 शिक्षक भर्ती : सक्रिय हुई प्रदेश सरकार, छुट्टी के दिन खुला रहा शिक्षा निदेशालय, सीएम आज करेंगे आपात बैठक



लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ द्वारा 69000 शिक्षक भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की चयन सूची नए सिरे से बनाने के आदेश के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हलचल तेज हो गई है। एक तरफ जहां छुट्टी के दिन शनिवार को बेसिक शिक्षा निदेशालय खोलकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की।

वहीं रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इस मामले में बेसिक शिक्षा विभाग व शासन के प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सरकार इस मामले में महाधिवक्ता से भी राय लेगी और उसके बाद ही इस मामले में आगे बढ़ेगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी इसका रास्ता निकालने की तैयारी में जुट गए हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने शनिवार को बेसिक शिक्षा निदेशक, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद आदि विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर इसके सभी पक्षों की जानकारी ली। इस बैठक में एक तरफ जहां इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के बारे में चर्चा हुई। वहीं नई सूची तैयार करने पर भी चर्चा की गई। नई सूची बनने से कितने पहले से नौकरी कर रहे युवा प्रभावित होंगे, यह भी देखा जा रहा है। साथ ही इस मामले में अब तक हुई कार्यवाही का ब्योरा भी जुटाया गया। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ रविवार को होने वाली बैठक में इसके सभी पक्षों पर चर्चा होगी।

इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रेजेंटेशन भी तैयार किया जा रहा है। इसे सीएम के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को राहत देने के साथ-साथ अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। क्योंकि अगर पहले से नौकरी कर रहे कुछ युवा प्रभावित होते हैं तो उनके लिए भी सरकार कोई न कोई रास्ता बनाएगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्नाटक सीएम के खिलाफ चलेगा भ्रष्टाचार का केस, राज्यपाल ने दी मंजूरी, जमीन मुआवजा के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का आरोप..!



बेंगलुरु। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केस चलेगा, राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने आज इसकी आधिकारिक अनुमति दे दी है. सिद्धारमैया पर मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) की जमीन के मुआवजे के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का आरोप है.

26 जुलाई को राज्यपाल ने नोटिस जारी कर सीएम सिद्धारमैया से 7 दिन में जवाब मांगा था. 1 अगस्त को कर्नाटक सरकार ने राज्यपाल को नोटिस वापस लेने की सलाह दी और उन पर संवैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया. एमयूडीए घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले व कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है. एक्टिविस्ट टीजे अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि सीएम ने एमयूडीए के अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाए. गौरतलब है कि साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमयूडीए) ने कुछ जमीन को रिहायशी इलाके में विकसित करने के लिए किसानों से ली थी. इसके बदले एमयूडीए की इंसेटिव 50-50 स्कीम के तहत अधिग्रहित भूमि मालिकों को विकसित भूमि में 50 प्रतिशत साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई.

1992 में एमयूडीए ने इस जमीन को डीनोटिफाई कर कृषि भूमि से अलग किया था. 1998 में अधिगृहित भूमि का एक हिस्सा एमयूडीए ने किसानों को डेनोटिफाई कर वापस कर दिया. यानी एक बार फिर ये जमीन कृषि की जमीन बन गई. भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह 3 हजार से 4 हजार करोड़ रुपए का घोटाला है. इसमें सिद्धारमैया का परिवार शामिल है. कांग्रेस इस पर चुप्पी साधे हुए है.

### सिद्धारमैया ने कहा भाजपा सरकार में पत्नी को मिली जमीन

आरोपों पर सिद्धारमैया ने कहा कि 2014 में जब मैं मुख्यमंत्री रहा तो पत्नी ने मुआवजे के लिए आवेदन किया था. मैंने पत्नी से कहा था कि जब तक मैं ष्टरूहूं तब तक मुआवजे के लिए आवेदन ना किया जाए. 2020-21 में जब भाजपा की सरकार बनी उस वक्त पत्नी को मुआवजे की जमीन आवंटित की गई. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चौतरफा विरोध के बाद झुकी बंगाल सरकार, 43 डॉक्टरों का तबादला आदेश लिया वापस

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की घटना के विरोध में चल रहे जबर्दस्त आंदोलन के बीच बंगाल में एक साथ किए गए विभिन्न सरकारी अस्पतालों के 43 चिकित्सकों के तबादले के आदेश को चौतरफा विरोध के बाद आखिरकार राज्य सरकार ने वापस ले लिया है। इसमें अकेले आरजी कर अस्पताल के 10 डॉक्टर शामिल थे। अन्य डॉक्टर कोलकाता के दूसरे सरकारी अस्पतालों के थे। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार शाम को अधिसूचना जारी कर दूरदराज के जिलों में सबका तबादला कर दिया था। आरजी कर अस्पताल के कई नर्सिंग स्टाफ का भी तबादला किया गया था।

### डॉक्टरों के एसोसिएशन ने जताया विरोध

राज्य में विपक्षी भाजपा सहित डॉक्टरों के एसोसिएशन ने शनिवार को इसका कड़ा विरोध किया था। इसके बाद शाम होते-होते मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर विभाग ने तबादला आदेश स्थगित कर दिया। खुद राज्य के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने शाम में पत्रकारों को तबादला आदेश स्थगित किए जाने की जानकारी दी। हालांकि उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि यह नियमित तबादला था। दो महीने पहले ही इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई थी।



### भाजपा ने बताया था तालिबानी फतवा

इससे पहले दिन में भाजपा ने इस तबादला आदेश को ममता सरकार का तालिबानी फतवा करार देते हुए डॉक्टरों को आरजी कांड के खिलाफ आंदोलन करने की सजा बताई थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया था कि बंगाल सरकार न्याय मांग रहे डॉक्टरों व मीडिया के एक वर्ग पर कार्रवाई कर रही है। ममता सरकार का एकमात्र एजेंडा सच को चुप कराना, दुष्कर्मियों को बचाना और किसी भी कीमत पर सुबूतों को नष्ट करना है। यह दोषियों को बचाने की सबसे भयावह व संस्थागत लीपापोती है।

### अमित मालवीय ने भी साधा निशाना

भाजपा के आइटी सेल के प्रमुख और बंगाल के सह- प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि यह डॉक्टरों को डराकर अपने अधीन करने का यह एक हताश करने वाला प्रयास है। युनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट एसोसिएशन ने भी डॉक्टरों के तबादले का कड़ा विरोध किया है। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग ने भाजपा के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि दो महीने पहले ही इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई थी। यह नियमित तबादला है।

### तृणमूल के रास सदस्य ने गृहमंत्री को लिखा पत्र

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा (रास) सदस्य सुखेंदु शेखर राय ने आरजी कर अस्पताल की घटना के मद्देनजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है। उन्होंने इस बाबत संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में मसौदा विधेयक लाने को कहा है। सुखेंदु ने पत्र में लिखा कि इसमें अब तनिक भी देर नहीं की जानी चाहिए।

### भाजपा-माकपा ने तोड़फोड़ में तृणमूल पार्षदों के करीबियों का बताया हाथ

भाजपा व माकपा ने 14 अगस्त की रात आरजी कर अस्पताल में तोड़फोड़ की घटना के पीछे तृणमूल पार्षदों के करीबियों का हाथ बताया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# कोटे में कोटा लागू करने के विरोध में 21 को अजा-अजजा मोर्चा का जिला बंद

राजनांदगांव (दावा)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण में क्रिमीलेयर तथा कोटे में कोटा लागू करने के असंवैधानिक निर्णय के विरूद्ध 21 अगस्त को देशव्यापी भारत बंद का आव्हान किया है। इसके समर्थन में अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित कर बताया गया है कि 21 अगस्त को राजनांदगांव जिला बंद रहेगा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मोर्चा समन्वयक समिति के अध्यक्ष डॉ. के.एल. टांडेकर ने बताया कि 21अगस्त को जिले के समस्त अनु. जाति, अनु. जनजाति समुदाय देशव्यापी भारत बंद का समर्थन करते हुए राजनांदगांव बंद का आयोजन करेंगे। जिसमें हजारों की संख्या में आंदोलनकारी शामिल हो रहे है। इससे अनु. जाति, जनजाति के समुदाय आक्रोश के फैसले को डॉ. टांडेकर ने बताया कि न्यायालय का फैसला सामाजिक असमानता को बढ़ाने वाला है। समाज का मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने अनु. जाति एवं आदिवासी वर्गो में उपवर्गीकरण तथा क्रीमीलेयर की अवधारणा लाकर आरक्षण को खत्म करने की दूरगामी पहल की है। आदिवासी समाज में भारी इस फैसले के विरोध में स्थानीय स्तर पर आदिवासी समाज एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लोग सड़को पर उतर कर रैली सभा एवं राष्ट्रीय स्तर के बंद को सफल बनाने संविधान के दायरे में रहकर पुरजोर विरोध करेंगे।



देशव्यापी भारत बंद के समर्थन में अजा, जजा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने ली प्रेस वार्ता

0 स्टेट स्कूल मैदान से निकलेगी रैली

प्रेस वार्ता में मजदूर नेता भीमराव बागड़े, माणिक घोड़ेसवार, योगराज जाने, क्रांति फूले, दीपक कोटांगले, संदीप कोल्हापुर आदि की उपस्थिति में डॉ. टांडेकर ने बताया कि 21 अगस्त बुधवार को प्रातः 8 बजे स्टेट हाईस्कूल के मैदान में मोर्चा से संबंधित लोगों की उपस्थिति होगी, जहां से एक रैली के रूप में नगर भ्रमण कर घरना प्रदर्शन स्थल कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। रैली मार्ग स्टेट हाईस्कूल, ईमाम चौक, कामठी लाईन, हलवाई लाईन, गूडाखु लाईन, ईमाम चौक, मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक, डॉ. आम्बडेकर चौक, धरना-प्रदर्शन स्थल कलेक्ट्रेट के सामने रहेगा। इसके बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस रैली सभा एवं प्रदर्शन में अनुसूचित जाति समाज के बौद्ध कल्याण समिति, जिला सतनामी सेवा समिति, जिला रविदास समाज सेवा समिति, छ.ग. घासी घसिया समाज, अखिल भारतीय मखियार मेहत्तर समाज, जिला गंधर्व गाड़ा समाज छत्तीसगढ़, बुद्धिष्ट पेंशनर/सीनियर सीटिजन संघ, अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ, बुद्धिष्ट शासकीय सेवक संघ, महिला सशक्तिकरण संगठन सम्मिलित रहेगें। इसके अलावा आदिवासी समाज के सर्व आदिवासी समाज, जिला गोंड समाज, जिला गोंडवाना समाज, गोंडवाना गोंड राष्ट्रीय महिला विभाग, गोंडवाना युथ क्लब, कंवर समाज जिला अखिल भारतीय हल्बा समाज, कंडरा समाज ओडारबांध महासभा गोंड समाज, पारधी समाज जिला उरांव समाज अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, गोंडवाना अधिकारी कर्मचारी संघ शामिल रहेंगे। समिति के संयोजक डॉ. के. एल. टांडेकर ने भारत बंद के तहत 21 अगस्त को नगर के व्यवसायी, उद्योगपति, समाजसेवी से अनुरोध किया है कि वे अपने प्रतिष्ठान एक दिन के लिये बंद कर सहयोग करने की कृपा करें।

## पहला कॉलम...

### योगेश साहू बने नवागाँव हाईस्कूल के अध्यक्ष



राजनांदगाँव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के सह-संयोजक योगेश साहू को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर एवं जिले के प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उपरोक्त नियुक्ति की है। योगेश साहू को उनकी इस नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं एवं मित्रो ने बधाईयां दी।

### शीला थीजन मेमोरियल हाईस्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्था शीला थीजन मेमोरियल हाईस्कूल, ममता नगर में 78वी स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम शाला के विद्यार्थियों की प्रभातफेरी विभिन्न देशभक्ति नारे लगाते हुये निकाली गई, तत्पश्चात शाला में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों की उपस्थिति में संस्था के प्राचार्य वी.पी.राव. के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर शाला के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, तथा कविता की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शाला के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा सभी उपस्थित लोगों ने इन बच्चों की प्रस्तुतियों की खूब सराहना की। इस अवसर पर शिक्षकों, पालकों, एवं समिति के सदस्यों में श्रीमति प्रेमप्रभा राव, ई. सिद्ध, प्रेषित राव एवं श्रीमति रचेल राव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में शाला के प्राचार्य द्वारा सभी उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुये कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

### शोक संतप्त साहू परिवार से मिले सांसद संतोष पाडे



राजनांदगांव (दावा) सांसद संतोष पांडे एवं भाजपा नेताओं ने सबेरा संकेत के सहसंपादक ईश्वर साहू के डीडी नगर निवास पहुंचकर उनके पिता श्री माधो साहू के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए शोक प्रकट किया। सांसद श्री पांडे ने कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और इस दुख की घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि देवशरा सेन, युवा नेता आलोक श्रोती, व्याख्याता द्वय टिकेन्द्र साहू, सुरेश साहू, कमल देवांगन, श्रीमती चेतना साहू के अलावा साहू परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## पांचवी अंतिम कावड़ यात्रा नारी शक्ति रक्षाबंधन को समर्पित



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी जो पिछले चार सप्ताह से शिवभक्ति में डुबी हुई है। श्री बागेश्वर धाम मंदिर में भी भक्तों का मेला सावन माह में लगा हुआ है। नगर व नगर के बाहर अनेको स्थानों से कावड़ यात्रा श्रद्धालुओं द्वारा निकालकर श्री बागेश्वर धाम पहुंच कर जल अर्पण किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस पर भी मंदिर को तिरंगों से सजाया गया था।

श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा भी कावड़ यात्रा हमारे देश के लिए, भारतीय सेना, भारतीय खिलाड़ियों, मूक बधिर बच्चों के कल्याण हेतु निकाली जा चुकी है। इस सावन माह की अंतिम कावड़ यात्रा हेतु भी श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, भावेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, निकुंज सिंघल, सूरज गुप्ता, अनवरत रूप से तैयारी में लगे है, उन्होंने बताया कि पांचवी कावड़ यात्रा जो कि नारी शक्ति व रक्षाबंधन को समर्पित रहेगी। देश में नारी शक्ति हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ-साथ व उनसे आगे भी बढ़ कर कार्य व सेवा कर रही है विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से देश की सेवा कर भारत का नाम ऊंचा कर रही है। जो कि भारतीय नारियों की उत्कृष्ठ क्षमता को दर्शाता है।

इसके अलावा रक्षाबंधन के दिन अंतिम सोमवार पड़ रहा है अतः भारतीय सेना के जवानों, सेना के प्रशिक्षु छात्रों को भी आंमत्रित किया गया है। जिन्हें रक्षा सूत्र बांधा जावेगा। अतः पांचवी वर्ष अंतिम कावड़ यात्रा में, श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व संस्था से जुड़े शिवभक्तों द्वारा समस्त संस्कारधानीवासियों के साथ-साथ विशेषकर, नगर की हर क्षेत्रों से जुड़ी धार्मिक सामाजिक, शिक्षा, सेवा संस्थाओं महिला समूह, खेल शासकीय सेवारत, अधिवक्तागण व अन्य क्षेत्रों से संलग्न महिलाओं, खिलाड़ी छात्राओं मातृशक्ति से अधिकाधिक संख्या में, कावड़ यात्रा में प्रातः 5:30 बजे श्री बागेश्वर मंदिर या 7:00 बजे नंदई चौक पहुंचकर शामिल होने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग ने मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में एनबी-ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा भारतमाता, गांधी जी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्र्याल्पण किया गया।



तत्पश्चात स्कूल संचालक बाजपेयी जी ने झंडा फहराकर भारत देश की आन-बान और शान तिरंगे को राष्ट्रगान के साथ सलामी दी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भिन्न-भिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर सारगर्भित भाषण देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में संचालक नीरज बाजपेयी ने अपने उद्बोधन भाषण में कहा किए इस देश की आजादी के लिए अनेक देशभक्तों ने अपने बलिदान दिए, उन वीर सपूतों एवं देश भक्तों को भुलाया नहीं जा सकता।

बाजपेयी जी ने आगे कहा कि देश की आजादी का महत्व प्रत्येक विद्यार्थी एवं देश के प्रत्येक नागरिक को समझना एवं पहचानना अतिआवश्यक है। उक्त अवसर पर स्कूल शाला संचालक श्रीमती सोनल बाजपेयी, कु.कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती इला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस क्रमशः श्रीमती वैशाली सिंग एवं श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्कूल स्टाफ तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य पालकी निकालने बैठक



0 बैरग और मंडईयों के साथ निकलेगी शोभायात्रा
0 पूरे नगर में श्री कृष्ण सखा का गठन किया गया

राजनांदगांव (दावा)। नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव की आगामी बैठक 18 अगस्त दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से स्टेट स्कूल मैदान स्थित सांस्कृतिक मंच पर आयोजित है। जिसमें इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर श्री कृष्ण कन्हैया पालकी को अपने कांधों में उठाकर संस्कारधानी राजनांदगांव (नंदग्राम) का भ्रमण कराया जाएगा। नगर में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। समस्त स्वजातीय गण, कार्यकर्तागण, वार्ड प्रमुखों, नगर इकाई पदाधिकारी गणों, जन्माष्टमी समिति के सम्मानीय पदाधिकारी गणों आपकी उपस्थिति की अपील की गई है। समिति ने सामाजिक गणों से कहा है कि समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों और समस्त सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति से ही आयोजन की सफलता है। साथ ही वार्ड प्रमुख व गौटियागणों से निवेन है कि अपने अपने पार के पांच सदस्यों को साथ में लायें। यहां सभी सामाजिक गणों को मोबाईल नंबर के साथ कैलेण्डर वितरण किया जायेगा। अतः आप सब अपनी उपस्थिति प्रदान कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी यादव समाज के इस महापर्व को सफ्ल बनाने में सहयोग कर नगर कोशरिया यादवी एकता का परिचय देवें, कार्य क्रम को सफल बनायें।

## आनंद कुमार श्रीवास्तव बने तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष



राजनांदगांव(दावा)। छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष जीआर चंद्रा ने जिला शाखा के सचिव आनंद कुमार श्रीवास्तव को दुर्ग संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के कर्मचारी श्री श्रीवास्तव तत्कालीन मध्यप्रदेश के समय से, अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही संघ के कर्मठ सदस्य हैं तथा पूर्व में संघ के जिला उपाध्यक्ष के पद दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। संघ के सामान्य सदस्य तथा विभिन्न पदों पर रहते हुए संघ के आह्वान पर कर्मचारी हित में लगातार सक्रिय रहने वाले आनंद कुमार श्रीवास्तव को संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर संघ के प्रमुख संरक्षक पीआर यादव, प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, संरक्षक सीएल दुबे, पूर्व प्रदेश अध्यक्षद्वय विजय झा, नंदकिशोर नंदू शर्मा, उपप्रदेश अध्यक्ष नरेश वढेर, महामंत्री उमेश मुदलियार, विजय लहरे, गजेन्द्र श्रीवास्तव, संजय शर्मा, रायपुर महानगर जिलाध्यक्ष रामचंद्र तांडी, अरुण कुमार देवांगन, राजकुमार महानदिया, सीएस माली, संतोष साहू, भानु प्रसाद यादव, गोविंद मानिकपुरी, हितेंद्र सिन्हा, पदाधिकारियों, सदस्यगणों एवं विभागीय उप समिति के संरक्षक हैरी जोसेफ व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामना प्रेषित किया है।

## रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन लालबाग द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर राखी बांधने का कार्यक्रम रखा गया है। इसी तारतम्य में 17 अगस्त शनिवार को वृद्धाश्रम, मूक बधीर बच्चों की संस्था आस्था एवं दिव्यांग बच्चों की संस्था अभिलाषा में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राखी बांधी जायेगी। 18 अगस्त रविवार को 8वीं बटालियन, जिला जेल परिसर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय एवं विभिन्न थानों में जाकर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राखी बांधी जायेगी। 19 अगस्त सोमवार को ब्रह्माकुमारीज के कौरीनभाठा स्थित ज्ञान मानसरोवर में प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक विशाल रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके पश्चात 12 बजे भारत तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवान भाइयों को राखी बांधी जायेगी एवं शाम 7 बजे से 9 बजे तक लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज के वरदान भवन में शहर के गणमान्य लोगों के लिए रक्षाबंधन स्नेह मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है।

## गायत्री शक्तिपीठ द्वारा 19 को शिवनाथ नदी में दस स्नान श्रावणी पर्व का आयोजन

नदी में पितृ तर्पण, पिंडदान सहित हेमाद्री संकल्प व यज्ञ हवन आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। गायत्री शक्तिपीठ द्वारा 19 अगस्त सोमवार श्रावण मास की पूर्णिमा को मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में दस स्नान श्रावणी पर्व का आयोजन किया गया है। श्रावण पूर्णिमा ,रक्षाबंधन के दिन प्रातः 8 बजे से शिवनाथ नदी में आयोजित पवित्र दस स्नान के साथ पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच नदी के कमर भर जल में प्रवेश कर पितृ तर्पण एवं अपने देहावसित पूर्वजों का पिंडदान किया जाएगा।

शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि ब्राहमणत्व का महापर्व श्रावणी एवं हेमाद्री संकल्प के अवसर पर समस्त गायत्री परिजन व सनातन धर्मीजन नदी में गोमल, कुशा, घी, शहद, गंगाजल, औषधि, हल्दी व भस्म आदि से दस प्रकार के स्नान करेंगे। तत्पश्चात जनेऊ संस्कार पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अपने पितरों को पितृ तर्पण व पिंडदान किया जाएगा। इसके बाद स्वच्छ मन एवं शरीर से नदी तट पर पुराने पुल समीप स्थित अग्रवाल वाटिका में तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जहां वैदिक और पौराणिक परम्पराओं का श्रद्धापूर्वक स्मरण व राष्ट्र-रक्षा, धर्म रक्षा के लिए हेमाद्रि संकल्प लेते हुए यज्ञाहूति प्रदान की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने समस्त सनातन धर्मियों व गायत्री परिजनों को श्रावणी पूर्णिमा पर शिवनाथ नदी में आयोजित दस स्नान व अन्य आनुष्ठानिक कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## पुलिस ने जिला बदर और निगरानी बदमाश पर कार्यवाही कर भेजा गया जेल

लोगों को डरा धमका कर रहे थे अवैध वसूली



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में जिला बंदर बदमाश व निगरानी बदमाश पर कार्रवाई की है। बताया जाता है कि उक्त बदमाश लोगों को डरा धमकाकर अवैध वसूली करते थे। इनके खिलाफ हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, चोरी, लूट, मारपीट अनेक मामले दर्ज हैं।

चिखली थाना प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि शनिवार 17 अगस्त को प्रार्थी मोहल्लेवासियों के साथ चौकी चिखली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोहल्ले का आदतन बदमाश सूरज उर्फ राजा साहू, सोनु उर्फ प्रदीप साहू शराब पीकर दुकान में आकर शराब पीने और धमका कर अवैध रूपये पैसों की मांग करते है व आये दिन समस्त दुकानदारों, व्यापारी से डरा धमका कर मुफ्त में राशन और सामान मांगते है। इस पर चौकी चिखली में धारा 296,351 (2), 119(1), 3(5) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

चिखली स्टाफ द्वारा टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी कर सटीक सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी सूरज उर्फ राजा साहू पिता टिबलू साहू उम्र 36 साल, सोनू उर्फ प्रदीप साहू पिता टिबलू साहू उम्र 34 साल दोनों निवासी वार्ड नं. 5 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सोनु उर्फ प्रदीप साहू के विरूद्ध जिला दण्डाधिकारी द्वारा एक वर्ष का काला अवधि के लिए जिला बदर आदेश पारित किया गया था जो क्षेत्र मे लुका छिपा आता जाता था आरोपी द्वारा आदेश का उल्लंघन करना पाया गया जिससे आरोपी के विरूद्ध जिलाबदर उल्लघंन संबंधी धाराओं के तहत् वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## आज व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई जी के जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी

राजनांदगांव (दावा)। प्रगतिशील लेखक संघ राजनांदगांव इकाई के तत्वावधान में 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे 'सृजन संवाद भवन' मुक्तिबोध स्मारक त्रिवेणी परिसर दिग्विजय महाविद्यालय में सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई जी के जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी आयोजित है। संगोष्ठी में परसाई जी के रचनाओं को केन्द्र में रखकर हरिशंकर परसाई और आज का समय 'विषय पर चर्चा होगी। संगोष्ठी में डाक्टर दादूलाल जोशी, डॉ शंकरमुनि राय, कथाकार कुबेर सिंह साहू, प्रभात तिवारी, डॉ. लाल चंद सिन्हा, संजय अग्रवाल, डॉ चन्द्रशेखर शर्मा अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. थानसिंह वर्मा व संचालन डॉ प्रवीण कुमार साहू करेंगे।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 21 अगस्त को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 21 अगस्त 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में कवासा ज्वेलर्स प्रायवेट लिमिटेड गुरूकृपा कॉम्प्लेक्स राजनांदगांव द्वारा सेल्स एक्जीक्यूटिव के 20 पद एवं सेल्स मैनेजर (केवल पुरूष) के 4 पद, टेक्नोटॉस्क बिजनेस साल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 300 पद तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अंजोरा दुर्ग द्वारा स्टेवार्ड के 30 पद, रूम अटेंन्डेंट के 30 पद एवं मल्टीफंक्शनल ऑफिस एसोसिएट के 40 पद पर भर्ती की जाएगी।

प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक अपने साथ शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

125-8 138-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
// उद्घोषणा //
रा.मा.क्रं. 202404090400018 अ/27 वर्ष 2023-24

क्योंकि मौजा/ग्राम-पनेका, प.ह.नं.-29 रा.नि.मं.- सुकुलदैहान, तहसील व जिला राजनांदगांव के भूमिधारी / आवेदक रचना देवांगन ध.प. संतोष देवांगन निवासी दुर्गा चौक ब्राम्हण पारा राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम-पनेका प.ह.नं.-29 रा.नि.नं.-सुकुलदैहान, तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित नीचे वर्णित सूची में दर्शित भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत् खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट खाते में स्थित वाद भूमि का बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है तथा क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 28/08/2024 को स्थान-राजनांदगांव पर 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित सुनवाई दिनांक को या तो स्वयं या किसी अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियाँ यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।
खाते का विवरण:-

| स.कं. | भूमि खाता क्रमांक | सर्वेक्षण अंक भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल | लगान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | भूमि बी-1 खाता क्र.670 | भूमि खसरा नं. 120/9 | रकबा क्रमशः 0.081 हे. | लगान 0.10 रू. |

जारी दिनांकः-13/04/2024
सुनवाई दिनांकः-28/08/2024
नायब तहसीलदार, राजनांदगांव (छ.ग.)






# कांग्रेसियों ने किया गौ सत्याग्रह, सड़क में घुम रहे आवारा मवेशियों को एसडीएम कार्यालय के मुख्य द्वार में बांधा



## गौठान पुनः प्रारंभ करने व भाजपा सरकार मुर्दाबाद के लगाये नारे

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भर में आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़ के द्वारा जिला मुख्यालय खैरागढ़ में गौ सत्याग्रह किया गया। सत्याग्रह की थीम पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को पकड़कर अंबेडकर चौक पहुंचे जहां कांग्रेसियों ने प्रदेश की भाजपा नेतृत्व वाली विष्णु देव साय सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदेश सहित जिले में गौठान दोबारा शुरू करने की मांग की, इस दौरान कांग्रेसी आवारा भविष्य को पड़कर अपने साथ एसडीएम कार्यालय ले गए और एसडीएम कार्यालय के मुख्य द्वार में आवारा मवेशियों को बांधकर प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को रोकने के लिये एसडीएम कार्यालय के मुख्य द्वार को एहतियातन बंद कर दिया गया था और मौके पर पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच कुछ देर तक झूमाझपटी भी हुई। हालांकि एसडीम ऑफिस का मेन गेट बंद होने के कारण कांग्रेसी अंदर दफ्तर में नहीं घुस पाए और इसके चलते मेन गेट में ही मवेशी को बांध कर प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद एसडीएम टीपी साहू ने कार्यालय से बाहर आकर ज्ञापन लिया। इस दौरान मवेशियों की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने नारे बाजी करते हुये कार्रवाई की मांग की।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि पूरे क्षेत्र व अंचल में लगातार मवेशी सड़कों पर नजर आते हैं। प्रतिदिन गंभीर व जानलेवा दुर्घटनाएं घटित हो रही है, मवेशियों की मौत हो रही है या आम जनता मवेशियों से टकराकर घायल हो रहे हैं व अनेक लोगों की मौते हो रही है। उन्होंने प्रशासन को अगाह किया था कि शीघ्र ही इसका निराकरण करे व मवेशियों को गौठान की ओर भेजा जाये। नगर पालिका अपनी नाकामी छिपाने के लिये कल से ही मवेशियों को ढूंढ ढूंढ़कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर रखने लगी।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य निलांबर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, पार्षद पुरषोत्तम वर्मा, सूर्यकांत यादव, विधायक प्रतिनिधि व्दय अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, नदीम मेमन,यतेन्द्रजीत सिंह,राजा सोलंकी, नरेंद्र सेन, रविन्द्र सिंह, महेश यादव, रिंकु गुप्ता सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया

## आज मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन

खैरागढ़ (दावा)। सतनामी समाज एवं उनकी आवाज उठाने वाले कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के साथ जिस प्रकार आज विष्णु देव साय सरकार की पुलिस ने जबरदस्ती घर में घुसकर गिरफ्तारी की है, उससे पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ रोष व्याप्त हो चुका है। जिसके विरोध में प्रदेश के सभी जिला मे युवक कांग्रेस के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन रविवार 18 अगस्त को किया जाएगा। उसी क्रम में युवक कांग्रेस के द्वारा जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में भी पुतला दहन किया जा रहा है। जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने सभी कांग्रेसीयो से अटल चौक उदयपुर (छुईखदान) में उपस्थिति की अपील की है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के समस्त विंग के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सादर आमंत्रित हैं।

# एनबीआईएस, बोरी के बच्चों ने केपीएस, भिलाई में द्वितीय स्थान प्राप्त किया




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी के बच्चों ने कृष्णा पब्लिक स्कूल, भिलाई द्वारा आयोजित प्रग्योत्सव महोत्सव के राष्ट्रीय स्पर्धा, समूह गान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किये। इस महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के अनेक प्रतिभावान प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें एनबीआईएस के समूह गान को यह स्थान प्राप्त हुआ। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। समूह गान प्रतियोगिता में शाला की पावनी मिश्रा, दुलिशा परमार, आरोही हरिहारनो, अनन्या कुशवाहा, मधुरा माहेश्वरी, रश्विन कौर अरोरा, मनरीत कौर ग्रेवाल, आर्ची गिरी गोस्वामी, मनन पंजवानी तथा आतिफ खान ने भाग लिया। शाला के संगीत शिक्षक हेमंत हिरवानी, हेमंत साहू तथा श्रीया मिश्रा की अहम भूमिका रही। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान के साथ शिक्षकों ने बधाई दी तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# हिंदू जन आक्रोश रैली स्वस्फूर्त समर्थन हेतु धन्यवाद - संयोजक नीरज बाजपेयी



राजनांदगांव (दावा)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों एवं धार्मिक स्थलों को हो रही क्षति के विरोध में रखी गई 'हिंदू जन आक्रोश रैली' में शामिल होकर अपनी एकता का परिचय देने वाले सभी हिंदू समाज के प्रमुखों एवं साथ में आए सभी प्रबुद्ध नागरिक बंधुओं को, शैक्षणिक संस्थाओं, साथ ही अपनी संस्थान एवं दुकानों को स्वफूर्त बंद कर इस आक्रोश रैली में शामिल हुए सभी व्यापारीगण, विशेष रूप से पधारी देवी स्वरूप समस्त मातृ-शक्तियों, दुर्गा स्वरूप हमारी बहनों एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों को प्रणाम करते हुए आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ आप सभी की गौरवशाली उपस्थिति से हिंदू जन आक्रोश रैली का विशाल स्वरूप में सफल आयोजन संपन्न हुआ जिससे हिंदू समाज में नव जागृति नव ऊर्जा का संचार हुआ है यह गौरवशाली परंपरा सदियों सदैव बनी रहे सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित इस रैली के संयोजक नीरज बाजपेयी की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद। साथ ही इस रैली को दो दिनों में सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले हमारे साथी ओमप्रकाश अग्निहोत्री अध्यक्ष विहिप, कृष्ण शुभम् महाराज, प्रशांत दुबे नंदू राम साहू, अरुण गुप्ता, अनूप श्रीवास अंकित खण्डेलवाल, संतोष सिंह, सुनील सेन, राज बहादुर, राहुल मिश्रा, प्रवीण शर्मा, आशीष पांडे आशीष तिवारी, विकास जांगिड़, प्रशांत हाथीबेड, राज तंवर, संतोष तुराटे एवं अन्य सभी हमारे साथियों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

# आज प्रदेश स्तरीय बाइक एवं कार रैली



## माना से अमलेश्वर कबीर आश्रम तक

टेड़ेसरा (दावा)। सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा के नवोदित वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब कबीर पंथ के प्रचार-प्रसार के लिए पहली बार राजस्थान के कई शहरों कस्बों में नवोदय यात्रा निकालकर लोगों को प्रवचन के माध्यम से संबोधित किया गया। प्रथम बार में कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य को राजस्थान मे देखने सुनने व बंदगी करने के लिए काफी मात्रा में भीड़ उमड़ पड़ी। अपनी 25 दिन की यात्रा पूर्ण करने के पश्चात 18 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे छत्तीसगढ़ की धारा पर वापस आ रहे हैं। सदगुरु कबीर धर्मदास साहेब वंशावली प्रतिनिधि सभा के उपाध्यक्ष प्रमोद साहू ने बताया कि रायपुर एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ के कबीर पंथ समाज, आमीन माता महिला मंडल, नवयुवक मंडल की ओर से आत्मीय स्वागत करने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए प्रदेश भर में भारी उत्साह उमंग का माहौल बना हुआ है। नवोदिता वंशाचार्य 18 अगस्त को आगमन रायपुर एयरपोर्ट पर दोपहर 2:00 बजे उनका स्वागत विभिन्न छत्तीसगढ़िया नृत्य से करते हुए। भव्य बाइक रैली व रैली निकली जा रही है। जिसके लिए तैयारी भी पूरी हो चुकी है। जगह-जगह स्वागत द्वार लगाये गए हैं। आमीन माता महिला मंडल के द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसके स्वागत के लिए दोपहर 2:00 बजे प्रदेश भर से लोग रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। रैली एयरपोर्ट से विप रोड होते हुए तेलीबांधा चौक रिंग रोड होते हुए भटगांव खुड़मुड़ा होते हुए सद्गुरु कबीरधाम अमलेश्वर पहुंचेगी। जहां पर स्वागत सत्कार निशान पूजा भजन एवं नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहेब का आशीष वचन होगा। तत्पश्चात महाप्रसादी भोजन भंडारा इसके पश्चात शोभायात्रा बाइक रैली, कार रैली भोथली होते हुए। कुम्हारी, टाटीबंध चौक, रिंग रोड नंबर 3 से दामाखेड़ा पहुंचेगी। दामाखेड़ा के मुख्य द्वार से शोभायात्रा, कलश यात्रा जिसमें विभिन्न छत्तीसगढ़ी नृत्य मंडली, सुवा नृत्य, राउत नाचा, बस्तरिया नृत्य, सतनाम धुन कर्मा नृत्य, भजन मंडली आदि के द्वारा कबीर नगर दामाखेड़ा के समाधि मंदिर पूजा संध्या आरती भजन के पश्चात आशीष वचन होगा। कबीर पंथ के समस्त अनुयाई संत समाज तथा श्रद्धालुओं को इस शोभा यात्रा में भाग लेने की सदर एपी किया गया है। यह जानकारी कबीर धर्मदास साहेब वंशावली प्रतिनिधि सभा के उपाध्यक्ष प्रमोद साहू ने दी है।

# डोंगरगढ़ अस्पताल में आधी रात घुसकर उत्पात मचाने वाले पर एफआईआर दर्ज

राजनांदगांव(दावा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में आधी रात घुसकर उत्पाद मचाने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डोंगरगढ़ डॉ. बी.पी. एक्का ने थाने में दर्ज कराई गई। शिकायत में बताया कि 13 अगस्त की रात लगभग 11.30 बजे स्वयं को पत्रकार बताने वाला आरोपी राहुल ओझा पिता अशोक कुमार ओझा उम्र 31 वर्ष निवासी टिकरापारा डोंगरगढ़ ने नशे की हालत में अस्पताल के प्रसव कक्ष में जबरदस्ती घुस गया और वहां डयूटी कर रहे डॉक्टर एवं नर्स से दुर्व्यव्हार किया, जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में सचिन बघेल ने ध्वजारोहण



राजनांदगांव (दावा)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव प्रधान कार्यालय परिसर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहरण कार्यक्रम में आलोक श्रोती आदिम जाति सेवा सहकारी समिति ढाबा के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा, मुख्य लेखाधिकारी प्रदीप कुमार पटेल, अधीक्षक लक्ष्मीकांत सोनी कृषि शाखा के शाखा प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, प्रबंधक सुरेश कुमार द्विवेदी, नीरज श्रीवास्तव, प्रफुल्ल शर्मा, प्रकाश अखिलेश सहित बैंक एवं समिति के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ में ध्वजा रोहण




## 78वां स्वतंत्रता दिवस पर्व 2024

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय संस्था श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित संस्कार शाला श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर (हिन्दी माध्यम) एवं श्री देव आनंद जैन पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) में 78वां स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजा रोहण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय श्रीमाल, द्वारा झंडारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इसके पश्चात् ध्वज सलामी दी गई एवं राष्ट्रगान गाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया तथा मुख्य अतिथियों का बच्चों द्वारा कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर के प्राचार्य डॉ. अमित शुक्ला ने सभी अतिथियों एवं पालकों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में बच्चों को देश के प्रति सम्मान एवं राष्ट्र हित में संलग्न रहकर कार्य करने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूवात श्री देव आनंद जैन पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) के बच्चों द्वारा देश-भक्ति रिमिक्स गीत पर सुदंर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर (हिन्दी माध्यम) के बच्चों द्वारा वृक्षारोहण एवं वृक्ष संरक्षण का संदेश दिया ताकि प्रकृति हरी-भरी एवं खुशहाली से परिपूर्ण रहें। इसके पश्चात् बच्चों द्वारा वृद्धाश्रम का संजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया जिसमें माता-पिता की स्थिति वहां पर क्या होती है ऐ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत कर एक संदेश दिया गया कि भविष्य में ये स्थिति पैदा ना हो सके। फेस बुक, व्हाट्सएप, गुग्गल, इंस्टाग्राम, टिक-टॉक नाटक के माध्यम से बच्चों ने इसके उपयोग एवं दुरूपयोंग के बारे में सभी को जानकारी देकर ये संदेश दिया कि बच्चों को कैसे इससे दूर रखा जाए ताकि उनका भविष्य उज्जवल एवं सुरक्षित रहे।

इसके पश्चात् मुख्य अतिथि संजय श्रीमाज ने अपने उद्बोधन में बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए बच्चों को तिरंगें के सम्मान एवं देश-भक्ति के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव गौतम पारख ने अपने उद्बोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ''जो विरोध के लिए विरोध करता है वो सकारात्मक सोच से हटकर अपने पैर में तो कुल्हाड़ी मारता है साथी ही देश के पैर में भी कुल्हाड़ी मारता है।'' बच्चों को देश के प्रति सम्मान की भावना एवं राष्ट्र-भक्ति के लिए प्रेरित किया। तिरंगा ही हम सबकी आन बान शान है। इस अवसर पर राजेश गोलछा, गौतम कांकरिया, उमेद गिड़िया, रमेश श्रीमालए प्रफुल्ल कंवाड़, कोमल बाफना, सेटिया, सुधीर सांखला, पब्लिक स्कूल की पूर्व प्राचार्या श्रीमती कविता जैन व पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संजय यादव तथा बड़ी संख्या में पालकगण, छात्र/छात्राये एवं सम्पूर्ण स्टॉफ उपस्थित था। कार्यक्रम के अंत में छात्र/छात्राओं एवं पालकों को मिश्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री सुधीर जैन ने एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्षन संस्था के मैनेजर लक्ष्मीचंद सेठिया ने किया। इस अवसर पर शिक्षा मंदिर व पब्लिक स्कूल के समस्त स्टॉफउपस्थित थे।

# पुरानी यादों में खोकर, फिर से हो गए विद्यार्थी



## रि-यूनियन प्रोग्राम में शिक्षकों के प्रति पुनः दिखी आदर की भावना...

राजनांदगांव (दावा)। वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल के ऑडिटोरियम में आज शनिवार के दिन खट्टी-मीठी यादों का पिटारा खुल पड़ा। 1996 बैच के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ पुनर्मिलन के कार्यक्रम में खुल कर अपने दिल की बातें कीं। बीते 28 वर्षों के अंतराल में कोई सीए तो कोई इंजीनियर तो कोई सेल्स ऑफिसर और मोटिवेशनल स्पीकर बनकर अपनी स्कूली शिक्षा को मिल का पत्थर बता रहा था।

अपने शिक्षकों के प्रति आदर-सम्मान रखने वाले वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल के 1996 बैच में 12 वीं पास आउट विद्यार्थियों ने आज एक शानदार आयोजन के साथ पुरानी यादों को पंख लगा दिए । अपने द्वारा की गई बाल- सुलभ बदमाशी को याद कर उन्होंने शिक्षकों की डांट - डपट को कड़वी दवाई बताते हुए कहा कि आपकी उसी दवाई के चलते आज हमने यह मुकाम हासिल किया है । एक ओर जहां युवकों ने अपने व्यवसाय अथवा सेवा क्षेत्र को आज के लिए शिक्षकों के नाम लिख दिया वहीं गृहिणी के रूप में अपने बच्चों सहित परिवार को सम्हालने वाली युवतियों ने भी अपने ससुराल से एक दिन की छुट्टी ले ली । अपने आप को अपने सबसे बड़े शुभचिंतकों के बीच पाकर सभी ने अपने पुराने दिनों की याद को एक - दूसरे के साथ साझा किया । सबसे बड़ी बात यह कि इतने साल बीत जाने के बाद भी कुछ विद्यार्थियों ने खुद को उसी यूनिफॉर्म में पेश किया जिस यूनिफार्म में वे स्कूल आया करते थे । यहां तक कि बेल्ट और बैच भी उसी समय का टाई के साथ उपयोग में लाया गया । अपने शिक्षकों का शाल - श्रीफल तथा उपहार के साथ सम्मान कर अपनी स्कूल को भी अमिट याद के रूप में नायाब तोहफा देकर विद्यार्थियों ने कहा कि वे शिक्षकों सहित संस्था का ऋण किसी भी रूप में नहीं चुका सकते हैं । अंत में सभी के साथ स्नेह भोज के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# 78वां स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायत में किया गया ध्वजारोहण



डोंगरगढ़/बोरतलाव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरपंच सरिता ओमप्रकाश मंडावी द्वारा ग्राम पंचायत बोरतलाव परिसर में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया गया। जिसमें उपस्थित पंच एवं ग्रामीण व शिक्षकगण उपस्थित थे। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कार्यालय ग्राम पंचायत भवन बोरतलाव में दिनांक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम का आयोजन गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया।

# 15 अगस्त के शुभ अवसर पर 15 पेड़ लगाए गए - कमल सोनी



## शहर सहित जिलेवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

राजनांदगांव(दावा)। शक्ति केंद्र प्रभारी कमल सोनी और उत्सव टाउन अपार्टमेंट वार्ड नंबर 43 के संयुक्त तत्वाधान में 15 अगस्त के शुभ अवसर पर 15 पेड़ लगाए गए। जिसमें गुलमोहर, नीम, कनेर, पीपल, आवला, आम सहित विभिन्न प्रजाति के पेड़ लगाए गए। इस दौरान श्री सोनी ने सभी को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी साथ ही मिठाईयां बांटी गई। एक दूसरे से गले मिलकर आपस में खुशियां मनाई गई।

श्री सोनी ने पेड़ लगाने के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। हरे भरे वृक्ष धरती माता का श्रृंगार होते हैं। इन वृक्षों की शरण में आकर मनुष्य पशु पक्षी सहित तमाम तरह के जीव जंतु सुख पाते हैं। इसीलिए वृक्षारोपण को महान कार्य कहा गया है। इसकी महत्ता शास्त्रों में भी मिलती है। क्योंकि पेड़ की छाया में आप हम और आम आदमी विश्राम करते हैं। पशु पक्षी इनकी छांव में आकर थकान मिटाते और सुख पाते हैं। उन्होंने साथ ही आमजन से आग्रह किया है कि अपने घर में या आसपास में एक पेड़ अवश्य लगाए। इस दौरान मुख्य रूप से शक्ति केंद्र प्रभारी कमल सोनी के साथ वार्ड नंबर 43 बसंतपुर पार्षद खेमिन राजेश यादव पूर्व पार्षद देवशरण सेन पूर्व पार्षद शेखर यादव पूर्व एल्डरमैन रमेश नारायणी बूथ अध्यक्ष धरम उईके उत्सव टाउन अपार्टमेंट के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता सचिव दिनेश भानुशाली बसंत चितलांगिया महेश सेजपाल राजेश गुप्ता विजय देवांगन आशीष बाफना मोहन दम्मानी सौरभ देवांगन कान्हा सेठिया जूही खंडेलवाल एवम बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

# राजीव नगर वार्ड में पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य जांच अभियान

## मितानिन अंशुईया साहू ने निभाई अहम भूमिका



राजनांदगांव (दावा)। राजीव नगर वार्ड नंबर 42 में पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में एक विशेष स्वास्थ्य जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत वार्ड में सक्रिय मितानिन अंशुईया साहू ने सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित रहवासियों का मलेरिया और बीपी टेस्ट डोर-टू-डोर जाकर किया। अंशुईया साहू ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए घर-घर जाकर लोगों की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना और समय रहते बीमारियों का पता लगाकर उचित इलाज सुनिश्चित करना था। पार्षद ऋषि शास्त्री ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा, 'हमारा उद्देश्य हर नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। मितानिन अंशुईया साहू ने जो कार्य किया है, वह सराहनीय है और इससे लोगों को बहुत लाभ हुआ है।' इस अभियान के तहत कई रहवासियों ने अपनी जांच करवाई और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक सलाह प्राप्त की। यह पहल स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का एक सफल प्रयास साबित हो रही है।

# भागवत साहू के नेतृत्व में निकली संविधान बचाओ यात्रा को मिला अच्छा प्रतिसाद



राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गांव-गांव निकली संविधान बचाओ यात्रा को सफल बनाने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में सभी ब्लॉकों में कार्यक्रम सफल रहा। जिसके फल स्वरुप संविधान बचाओ यात्रा को गांव-गांव में अच्छा प्रतिसाद मिला।

जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के तत्वाधान में घुमका ब्लॉक के तिलाई गांव में संविधान यात्रा में भागवत साहू (अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी), धनेश पाटिला (पूर्व मंत्री), भुनेश्वर बघेल (पूर्व विधायक डोंगरगढ़), रतन यादव (ब्लॉक अध्यक्ष) एवं समस्त ग्रामवासी तिलई और पटेवा में संविधान यात्रा सफल रहा। इसी प्रकार जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के निर्देश अनुसार घुमका मुख्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका में सविधान यात्रा निकाली गई। इसमें प्रमुख जिला विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, शेखर वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, नवीन लूनिया, सरपंच फूलमती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका के ग्राम बघेरा में सविधान यात्रा निकाली गई। इसमें प्रमुख विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, शेखर वर्मा, दुर्गेश दिवेदी, नवीन लूनिया, सरपंच हरीश देशमुख, गिरीश साहू हुबलाल देशमुक ओमप्रकाश साहू चुम्मन साहू रमाकांत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> इंसान की महानता उसकी दौलत और सत्ता पर निर्भर नहीं करती, ये तो निर्भर करती है उसके चरित्र व अच्छाई पर।

# गैर जिम्मेदार सरकार, पुलिस का आचरण भी संदिग्ध

कोलकाता पुलिस का आचरण भी बहुत ही संदिग्ध रहा। उसने प्रिंसिपल से पूछताछ करने की भी आवश्यकता नहीं समझी। यह पहला ऐसा मामला नहीं जिसमें अपराध की किसी गंभीर घटना पर ममता सरकार और बंगाल पुलिस ने गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाया हो। हर कोई इससे परिचित है कि संदेशखाली की घटनाओं पर बंगाल पुलिस और ममता सरकार ने क्या रवैया अपनाया था।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आरजी कर मेडिकल कालेज में हमले एवं तोड़फोड़ की घटना पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए यह सही कहा कि यह शासन की पूर्ण विफलता है। इस मेडिकल कालेज में एक अराजक भीड़ ने उस समय घुसकर तोड़फोड़ की थी, जब वहां की प्रशिक्षु महिला डाक्टर के साथ दुष्कर्म और फिर हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। यह विरोध प्रदर्शन इसलिए हो रहा था, क्योंकि इस भयावह घटना की सही तरह जांच होती नहीं दिख रही थी। इसी कारण कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी थी। ऐसा करते समय भी उसने राज्य सरकार के रवैये की आलोचना की थी। इस आलोचना के लिए ममता बनर्जी सरकार अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती, क्योंकि उसने घटना के बाद इस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल के त्यागपत्र के चार घंटे बाद ही उन्हें एक अन्य मेडिकल कालेज का प्रिंसिपल बना दिया था और वह भी तब, जब पूरे देश का ध्यान आकर्षित करने वाले दुष्कर्म एवं हत्या के इस मामले में उनकी भूमिका बहुत ही संदिग्ध थी। उन्होंने प्रशिक्षु महिला डाक्टर के माता-पिता को गलत जानकारी देकर गुमराह करने का काम तो किया ही था, उन्हें कई घंटे तक बेटी के शव के पास भी नहीं जाने दिया था। कोलकाता पुलिस का आचरण भी बहुत ही संदिग्ध रहा। उसने प्रिंसिपल से पूछताछ करने की भी आवश्यकता नहीं समझी। यह पहला ऐसा मामला नहीं, जिसमें अपराध की किसी गंभीर घटना पर ममता सरकार और बंगाल पुलिस ने गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाया हो।

हर कोई इससे परिचित है कि संदेशखाली की घटनाओं पर बंगाल पुलिस और ममता सरकार ने क्या रवैया अपनाया था। दोनों ने दोषियों का बचाव करने की हरसंभव कोशिश की थी और इसी कारण इस मामले की जांच भी सीबीआइ को सौंपनी पड़ी थी। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि सामूहिक दुष्कर्म की एक अन्य घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़िता को ही दोषी ठहरा दिया था। समझना कठिन है कि ममता सरकार महिलाओं के खिलाफ होने वाले जघन्य अपराधों में भी इतनी संवेदनहीनता क्यों दिखाती है? इससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि बंगाल पुलिस तृणमूल कांग्रेस की शाखा की तरह क्यों काम करती है? यह समझ आता है कि पुलिस पर राज्य सरकार का कुछ न कुछ दबाव होता ही है, लेकिन यह तो अकल्पनीय है कि किसी राज्य की पुलिस वहां के सत्तारूढ़ दल की इकाई की तरह से कार्य करने लगे। यदि बंगाल कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से बदहाल है तो इसके लिए एक बड़ी हद तक ममता सरकार और उसकी पुलिस ही उत्तरदायी है। यह विचित्र है कि आरजी कर मेडिकल कालेज की दिल दहलाने वाली घटना पर उचित कार्रवाई करने के स्थान पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी धरना-प्रदर्शन का सहारा ले रही हैं। यह सस्ती राजनीति के अलावा और कुछ नहीं।

# छत्तीसगढ़िया फ्रेंडशिप डे-भोजली (मितानी के तिहार)

**उत्कर्ष कुमार सोनबोइर**



छत्तीसगढ़ ह रिसी अउ किरिसी संसकिरीति, के संगे संग धरम करम अउ परकिरीति ल पूजे के संसकिरीति घलो हवे फेर ये सब्बो संसकिरीति ल सकेलत भोजली परब ह मितानी के तिहार हवे.

भोजली ह दो आखर ले बने हे भो+जली, माने भुईयां म पानी होवय इहि मनोकामना संग घर के बहिनी बेटी मन दाई भोजली ले आसीस मांगथे के ये सो बने बरसा होवय, जेखर ले वोकर गांव म बने बने धान पान होवय, बिहाये बेटी जेन लछमी हवे परकोठा के तहुँ मन राखी तिहार के ये बेरा म सकलाये रहिथे वहुँ मन भोजली दाई ले बिनती करथे कि वोकर जियत भर माई मइके बने राहे। भोजली ल आने आने परदेश म आने आने नांव ले जाने जाथे बिरज म भुजरिया, त कोनो जगह फुलवरिया अउ जंवारा के नांव ले घलो जाने जाथे।

सावन महीना के अंजोरी पाख म नाग पंचमी के दिन पहिली के मन अखाडा ठउर ले माटी लानथे फेर अब आखाडा के चलन कम हो गेहे। आने आने जगह आने आने दिन भोजली ल बोथे आठे या नममि के दिन गहु, चना अउ जवां ल मिंझार के, खाद माटी जेला कुम्हरा घर ले लाये रहिथे, वोला नान नान टुकनी म डाल देथे अउ ये पांच परकार के अन्न ल बो देथे। बोये के बाद टुकनी मन ल देवता कुरिया म मडाथे दू चार दिन म बिरवा आथे तिहि ला भोजली कहिथे। दाई बहिनी मन ह भोजली के रोज संझा बिहनिया पूजा करथे, हुम धूप अउ दिया बारके आरती उतारथे, रोज हरदी पानी चढाथे भोजली ल अंधियारी खोली म रखे के सेती वोकर रंग सोनहा कलगी कस दिखथे। अउ लाली लाली फूल चघाये रहिथे त अइसे लागथे जइसे भोजली दाई ह सउहत लाली लुगरा पहिरे हवय, रतियाकुन दीदी मन भोजली के सेवा जस करत गीत गाथे जेला भोजली सेवागीत कहिथे।

देवी गंगा
देवी गंगा लहर तोर अंगा
हमरो भोजली दाई के
भींजे आठों अंगा
आ हो देवी गंगा...
अई आ गई पूरा
बोहाई गई मलगी
हमरो भोजली दाई के
सोन सोन के कलगी

सोनहा रंग के बिरवा ल दाई मन सोन सोन के कलकी कहिथे। उमन जल देवी गंगा मईया ल अपन गीत के माध्यम ले बलाथे। जइसे जइसे दिन बाढत जाथे वइसने वइसने भोजली के बिरवा घलो हल्लू हल्लू बाढत जाथे। दीदी मन गीत गाथे

माडी भर जोंधरी
पाँव भर कुसियारे
जल्दी जल्दी बाढ़व भोजली
होवव होसियारे
आहो देवी गंगा...

बीजा पिकायाथे, दू चार पाना निकले के बाद एक अंगुर के बरोबर बाढ़ जाथे, सियान मन भोजली ल देख के जान डरथे के एसो सुकाल हे. दीदी मन गीत म कहिथे की माडी भर जोंधरा ह बाढ़ गेहे, कुसियार ह मुंड के आत ले बाढ़ गेहे



वइसने भोजली तहुँ लहंग-लहंग के बाढ़ जा। बहिनी दीदी मन भोजली दाई के बड सेवा करते उमन ये छय सात दिन म भोजली संग ऐसे जुर जथे जइसे देवी भोजली ह उखरे कुटुंब के सदस्य हावय, अउ उमन संगी संगवारी सही अइसनेच गोठ बात करत रहिथे, कहिथे के जइसे पानी बिन मछरी तरस जाथे वइसनेच भोजली के सेवा बिन उंखरों परान तरस जाथे, अउ गीत गाथे...

पानी बिना मछरी
पवन बिना धाने
सेवा बिना भोजली के
तरसे पराने
आहो देवी गंगा...

राखी के दिन देवी भोजली ल राखी चढ़ाथे, अउ भाई बहिनी के नता गोता बने गुरहा चासनी कस राहे कहिके देवी ले असीस म मांगथे। अब देवी भोजली के ठंडा करे के बेरा हो जथे राखी तिहार के बिहान दिन भोजली ल पबरित नदिया या कोनो तरिया म सिराथे। जम्मो गाँव भर के मनखे सकलाथे जब देवी भोजली ल अपन ठीहा ले बिदाई देथे सेवा करिया दीदी मन के कतको के तो आंसू घलो चुचवाजथे, बाजा - गाजा दफडा दमऊ अउ गुदुम के गद्दका म जम्मो मनखे जुरियाथे। सब्बो तीर ताखर के भोजली ल एक संघरा जुलुस कस ठंडा करे बर ले जाथे।

गांवेच के तरिया म देवी भोजली ल जम्मो बहिनी म गीत गात ठंडा करथे। माटी पानी ले उपजे देवी फेर उहि माटी पानी म मिल जथे. भोजली के बिरवा ल चनादार सक्कर संग प्रसाद सही बाँट लेथे, हाव फेर संगी जहुंरिया मन लान के एक दूसर के कान म खोंच के भोजली बदथे, उमन एक दूसर के कभू नांव नई लेवय के परन करथे, एक दूसर ल भोजली कहिके बलाथे अउ कोनो रद्दा बांट या बाजार म मिल जथे त जोहार ले भोजली नई ते सीताराम भोजली कहिथे, उमन मरत दम ले मितानी निभाये के परतिगया लेथे, अउ देवी भोजली उंखर साकछी होथे, भोजली तिहार के दिन बने मितान, जन्म जन्म के बंधना म बद जाथे, भोजली के बदे मितान ल हर सुभ कारज, छट्ठी बरही, बिहाव अउ मरनी जइसे दुःख के काम म घलो पूछथे। मितान ह घर परिवार के हिस्सा बन जाथे, मितान के दाई फूलदाई होथे, फूल बहिनी के फूल भाई होथे, मितान के हर नता गोता मन मितान ले जुर जाथे। मितान के संगे संग दू कुटुंब के घलो मिलन होथे। भोजली बधे म कोनो ऊंच निच्च, जात पात नई देखे, देखते त उंखर मन, मितानी परेम अउ ये कातिक अचंभा बात हे की जे दिन मन ल समूचा बिस्व ह अभी अभी सफ्रेंडशिप डे के रूप म मनात हवे वोला छत्तीसगढ़ म कतको बछर पहिलिच ले मितानी के तिहार भोजली परब ह सबर दिन ले मनात हे हे, अउ ये दू तीन दिन के कोनो मितानी या फ्रेंडशिप नोहे बलुक जन्म जन्म के मितान भोजली हवे। मितान समय समय म बधे के संग उंखर नांव म घलो बदलाव होथे कभू गंगाजल, जंवारा, गजामूंग, गंगाबारु, ता कभू तुलसी दल के नांव ले जाने जाथे।

भोजली परब ले जुरे जुन्ना कहिनी घलो हवे, महोबा के राजा परमाल के बेटी राजकुंवारी इन्द्रावली ह हर बछर भोजली बोवये अउ वोला सागर म सिरवावये अब एक बखत ऐसे आइस की राजा पिरिथवी राज चउहान ह उंखर राज ल चारों मुडा ले छेंक लीन तब आल्हा उदल दोनों झीक बीडा उठाइस की उन देवी भोजली ल सागर म सिरवाही, ये कहिनी के परसंग आल्हा खण्ड म बढ़ सुग्गर ढंग ले लिखाये हे।

राजीव नगर सेक्टर 11 खुर्सीपार, भिलाई

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 234 : माता कौशल्या के भवन की ओर जाते हुए श्री राम की अनुज लक्ष्मण जी से भेंट

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम ने सोचा, यह कितना अच्छा होता अगर मैं दिन के प्रकाश के स्थान पर अयोध्या वासियों के सो जाने के बाद रात्रि को प्रस्थान करता। काश माता ने मुझे ऐसा कहा होता। इससे लोगों को यह पता ही नहीं हो पाता कि मैं अयोध्या छोड़ रहा हूं। ऐसे में आज मेरे यहां से प्रस्थान के समय भावनाओं का जो ज्वार उमड़ेगा, इससे बचा जा सकता था। स्वयं मैं भी इस नगरी से कितना प्रेम करता हूं यह मेरी जन्मभूमि है।यहां के कण- कण से मुझे अनुराग है।इस भूमि का ऋण मुझ पर है।

श्री राम के मन में दृढ़निश्चय है। अगर निर्णय वनवास का है, तो वे उसे अवश्य पूर्णता प्रदान करेंगे। माता कौशल्या के भवन की ओर बढ़ते हुए श्री राम को सामने से लक्ष्मण जी आते हुए दिखाई दिए। लक्ष्मण जी, श्री राम के अनुज... ओज से भरा हुआ उनका सुदर्शन व्यक्तित्व। ऊर्जा और शक्ति के भंडार...। ब्रह्मांडीय पिंडों, ग्रह - नक्षत्रों के बीच जो आकर्षण है, वह अपार बल के रूप में लक्ष्मण जी में घनीभूत है। ऐसा ही एक आकर्षण और संतुलन धरती के भीतर इसके केंद्र, मध्य भाग और ऊपरी सतह में भी है। लक्ष्मण जी इसी की साकार प्रतिमूर्ति हैं।

लक्ष्मण जी ने श्री राम को देखकर कहा, ''यह क्या भैया, आप इतनी शीघ्रता से कहां जा रहे हैं?''

श्री राम ने उत्तर दिया, ''मैं पिताश्री के आदेश पर वन जा रहा हूं लक्ष्मण! अयोध्या में युवराज के पद पर प्रिय भरत का अभिषेक होगा और मैं 14 वर्षों के लिए वन में निवास करूंगा।''

लक्ष्मण जी यह सुनकर कुछ क्षणों के लिए स्तब्ध रह गए। उन्होंने माता कैकेई के विशेष भवन की ओर देखा, जहां से निकलकर श्री राम तेजी से माता कौशल्या के कक्ष की ओर बढ़ रहे हैं।


(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -151

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ढुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 150 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | ई | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | बा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू- दोकू क्र.151

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.150 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## सामयिक चर्चा

### संगठन, मतलब एक जैसा सबका मन

आराम से तखत पर बैठकर
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज मैने अखबार में पढ़ा है
कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के
वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि
नेताओं में फूट की वजह से पार्टी को
विधानसभा और लोकसभा चुनाव में
हार का सामना करना पड़ा है।
गजाधर आप क्या कहते है?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
हम आपसे प्रश्न करते हैं-
नेता में फूट के बीच क्यों पड़ते है?''
बानी को चुप देखकर
गजाधर बोले दोबारा मुस्कराकर-
''बानी! फूट का कारण बताते हैं हम -
पार्टी नेताओं के अपने-अपने अहम।
इसीलिए मेरा यही कहना है बानी।
अगर पार्टी के नेतागण
अपने-अपने अहम को ताक में धर दें
तो ये लोग भी अपनी पार्टी को
भाजपा की तरह संगठित कर दें।
भाजपा में देखो मोदी जी के प्रति
सभी निष्ठा रखते हैं।
जो मोदी जी के विचार हैं,
जो मोदी जी कहते है,
फिर सभी उसी तरह कहने लगते हैं।
तभी तो पार्टी संगठित रहती है।
फूट-ऊट सब दुम दबाकर भागती है।''



-गिरीश बख्शी

## शिक्षक की स्मृतियां

### माइक्रो शिक्षण

विभागीय बी एड के दौरान केवल सुनने को मिला था, माइक्रो टीचिंग। कुछ पढ़ने या जानने का अवसर नही मिला। बाद में 1996 में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में मेरे छोटे भाई को जाने का अवसर मिला। तब वहाँ के उनके उन्नत प्रशिक्षण के बारे में जानने, समझने का अवसर मिला । कैसे बारिकी से विडियो शुटिंग कर ''मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव'' के व्यवहार का पूरा विश्लेषण किया जाता है ।


बहुत बाद में मुझे वेसलियन स्कूल राजनांदगांव में शिक्षक प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया। मै वहां गया और निर्धारित प्रशिक्षण दिया। उसके बाद वास्तविक माइको शिक्षण प्रारंभ हुआ। के राव सर (आयोजक) खड़े हुए और शेष सभी शिक्षको से प्रश्न किया ''सर ने सबसे पहले क्या किया ?'' सब चुप थे, मुझे भी नही समझ आ रहा था, वे क्या और क्यों पूछ रहें है। तब, बाद में उन्होने ही स्वयं उत्तर दिया ''सर ने सबसे पहले टापिक लिखा बोर्ड पर'' । जो मैने यह सोच कर लिखा था डेढ़ घण्टे में शिक्षा पर क्या बात की जा सकती है। बस झलक ही दिखलाया जा सकता है। मैने बोर्ड पर ''Glimpsese of Education'' लिखा था। उनका अगला प्रश्न था ''उसके बाद क्या ?'' सब अवाक देख रहे थे। तब मैने उस समय की प्रचलित/लोकप्रिय पंक्ति ''झलक दिखला जा'' कहा था। जिसका यह प्रभाव हुआ था कि सभी शिक्षक शिक्षिकाएं जो कुर्सी पर पीछे टिक कर बैठे थे, वे सभी सुनने की आतुरता में सामने झुक गए।

इस तरह से श्री राव सर का पूरा विश्लेषण चलता रहा। मैं भी हतप्रभ था, उनका विश्लेषण सुनकर। उन्होने कहा- सर चाहते तो ऐसे ही मौखिक बिना तैयारी के पढ़ा सकते थे, उनको लम्बा अनुभव है। किन्तु, वे विधिवत पूरी पाठ योजना बनाकर लाए थे। उन्होने शिक्षण सहायक सामग्री भी साथ लाए थे।


बाद में कक्षा छुटने के बाद उन्होने मुझसे कहा ''मै आपको इसलिए आमंत्रित करता हूं, क्योंकि, आपका शिक्षण अच्छा रहता है। जिसके जवाब में मैने कहा-'मुझे पता है, हीरे की परख जौहरी को ही होती है। वे तनिक सी मुस्करा कर रह गए। ऐसे थे केशव राव जी। उनका राजनांदगांव में शिक्षा के क्षेत्र में बहूत सराहनीय योगदान था।

**युगल किशोर तिवारी**
8827292489


## राशिफल




**मेष**
दिन लाभदायक रहेगा। आज अचानक ही कोई बड़ा खर्चा आएगा। अपने बजट का ध्यान रखें। किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार के साथ कुछ कलह की स्थिति बन सकती है। एकांत में रहने या आत्ममनन करने से मानसिक शांति मिलेगी। आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ हो सकता है।




**वृषभ**
आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने दिन की शुरुआत करेंगे। पिछले कई दिनों से चल रही व्यस्तता आज कुछ कम होगी। आज कुछ समय खुद के लिए भी निकालेंगे। आत्ममनन करने से आपको कई समस्याओं का समाधान मिलेगा, साथ ही मानसिक शांति भी रहेगी।



**मिथुन**
आज आप पारिवारिक माहौल और कार्य क्षेत्र दोनों में आपको तालमेल बना कर चलना चाहिए, आपको प्रसन्नता मिलेगी। आज आप बड़े बुजुर्गों और वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान में कमी नहीं आने देगे। कुछ नजदीकी संबंधों को खराब होने से बचाने के लिए आपको अगर झुकना पड़े तो शर्मिंदगी ना महसूस करें।



**कर्क**
आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके मान-सम्मान में वृद्धि होगी , पार्टी में उनको कोई उच्च पद भी मिल सकता है। भावुकता में आकर आप जल्दबाजी में कोई गलत निर्णय भी ले लेंगे, इसलिए दिल की बजाय दिमाग से काम लें।



**सिंह**
आज का दिन आपके लिए शुभ व सकारात्मक रहेगा। आज कार्यस्थल पर मेहनत के परिणाम मन मुताबिक न मिलने से कुछ उदासी रहेगी। साझेदारी के व्यवसाय में पारदर्शिता बनाकर रखेंगे। दूसरों की बातों में ना आकर अपनी कार्य क्षमता पर ही विश्वास करेंगे तो काम करने में आसानी होगी।



**कन्या**
आज कोई रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है या कोई रुका हुआ आय का स्रोत भी फिर से शुरू हो सकता है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने से आपको हार्दिक खुशी मिलेगी। आपके विनम्र स्वभाव की वजह से घर और समाज में आपकी तारीफ होगी।



**तुला**
आपके लिए आज का दिन अत्यंत शुभ है। आज संबंधों में मधुरता लाने के लिए छोटी-मोटी नकारात्मक बातों को नजरअंदाज करना जरूरी है और आपसी वार्तालाप से गिले-शिकवे दूर करेंगे। घर के बदलाव संबंधी विषयों पर भी महत्वपूर्ण चर्चा होगी।



**वृश्चिक**
आपने कारोबार में नए काम की शुरुआत की है तो आज उसमें अच्छा मुनाफा रहेगा। मीडिया, प्रिंटिंग जैसे कार्यों में कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। नौकरीकर रहे लोगों को अपनी इच्छा के विपरीत कोई कार्यभार मिल सकता है। आपको कोई महत्वपूर्ण काम मिल सकता है।




**धनु**
दिन नई उमंग लेकर आएगा। आज आजीविका के लिए प्रयास करेंगे, नौकरी से जुड़े लोगों एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए लाभ के संकेत हैं। आमदनी बढ़ सकती है। आज जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया आपको हर परिस्थिति में खुश रहने का तरीका बताएगा।



**मकर**
आपके लिए यात्रा के योग बन रहें हैं। आज परेशानियों से निपटने के लिए नए शिरे से शुरुआत करेंगे। आज व्यवस्थित कार्य प्रणाली रखने से आपके कार्य आसान हो जाएंगे। कुछ प्रभावशाली और अनुभवी लोगों के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा और कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी हासिल होगी।



**कुंभ**
पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी योजना में सफल होंगे। आज बातचीत के माध्यम से कई मसलों का हल व समाधान मिलेगा। अगर पुश्तैनी जमीन-जायदाद संबंधी कोई काम रुका हुआ है, तो आज उसको हल करने का उचित समय है।



**मीन**
आर्थिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने के लिए समय अनुकूल है। इस समय व्यक्तिगत संबंधी निर्णय लेने जा रहे हैं तो देर ना करें। ऐसा करना आपके लिए सुखदाई रहेगा। परिवार से संबंधित कोई दायित्व पूरा करने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा। आज बेटे की जॉब लगने से आपको खुशी मिलेगी।

# प्रदेश महिला कांग्रेस पदाधिकारी नलिनी मेश्राम हुई धोखाधड़ी की शिकार



- कांग्रेस नेता व पार्षद राजेश गुप्ता पर लगाया 30 लाख के धोखाधड़ी का आरोप
- राहुल गांधी के दूत के नाम से पैसों की वसूली की कांग्रेस नेताओं ने
- मामला - कांग्रेस की टिकट दिलाने के नाम पर 30 लाख की अवैध वसूली का

डोंगरगढ़ (दावा)। वर्ष 2007 में कांग्रेस की टिकट पर नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस की जमानत जप्त कराने वाली नलिनी मेश्राम ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में डोंगरगढ़ विधानसभा से टिकट की मांग की थी। इसके अलावा श्रीमती मेश्राम ने उधारी से लिए गए पैसों के दम पर भी कांग्रेस के नेताओं के माध्यम से टिकट पाने का प्रयास किया। इसके लिए श्रीमती मेश्राम ने राजनांदगांव नगर निगम में पार्षद राजेश गुप्ता के माध्यम से उनके सहयोगी तथाकथित कांग्रेस नेता से संपर्क साधा। नेताओं के बहकावे में आकर प्रदेश महिला कांग्रेस में पदाधिकारी नलिनी मेश्राम अपनी जमा पूंजी और उधारी में ली कुल 30 लाख रुपए से हाथ धो बैठी।

नेताओं ने उन्हें विधायक के साथ-साथ मंत्री बनने का लालच देते हुए पैसों के वापसी की गारंटी भी दी थी। श्रीमती मेश्राम ने राशि वापस नहीं लौटने वालों के खिलाफ 28 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई।शिकायती पत्र में श्रीमती मेश्राम ने राजेश गुप्ता व उनके सहयोगी पर कांग्रेस पार्टी का टिकट दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

### राहुल गांधी के दूत के नाम पर की गई वसूली

विधायक की टिकट दिलाने के नाम पर तथाकथित कांग्रेस नेताओं ने पूरी साजिश के तहत श्रीमती मेश्राम को अपने चुगुल में फसाया। श्री गुप्ता की ओर से श्रीमती मेश्राम को बताया गया की,राहुल गांधी के दूत आने वाले है।वे सर्वेकर जिताऊ उमीदवार की खोज कर रहे है। जब भी आयेंगे तब आपको बुलाऊंगा 4 दिन बाद राजनांदगांव के सर्किट हाऊस में बुलाया गया। मैं अकेली गई तब घनश्याम विश्वकर्मा नाम के आदमी के साथ मेरी भेंट कराई गई। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि मैं राहुल गांधी का दूत हूँ। हम आपको दिल्ली से टिकट भी दिलायेंगे एवं मंत्री भी बनायेंगे। हमारे पास इसका पुरा सेटअप है दिल्ली में। फिर दूसरे दिन श्रीमती मेश्राम अपने पति संतोष मेश्राम के साथ फायनल बात करने गई थी।

### कांग्रेस से विधायक की टिकट का सौदा 2 करोड़ में

कांग्रेस नेत्री नलिनी मेश्राम ने पत्र में आगे कहा गया है कि,दि. 12 जुलाई 2023 को सर्किट हाऊस राजनांदगांव में उन्हें बुलाया गया। बैठक में 02 करोड़ रूपये में कांग्रेस पार्टी की टिकट देने की बात तय हुई।घन श्याम विश्वकर्मा ने हाथ से 02 करोड़ रूपये कैसे देना है उनका चार्ट बनाया।पहले 30 लाख फिर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी या सोनिया गांधी से मिलाने के बाद 01 करोड़ रूपये देने की बात हुई और बी. फार्म के पहले 70 लाख रूपये देने बोला गया। टिकट की पक्की गारंटी दी गई। नहीं मिलने पर पैसा वापिस करने की पूरी जवाबदारी निवासी राजेश गुप्ता चंपू ने ली। श्री गुप्ता को स्थानीय निवासी होने के कारण उनके हाथ में 16 जुलाई 2023 को छब्बीस लाख रूपये एकमुश्त दिया गया।

### विधायक के टिकिट की लालच में विभिन्न प्रतिष्ठानों से ली गई उधारी

वायरल हुई पत्र के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि,तथाकथित कांग्रेस नेताओं के माध्यम से मिलने वाली टिकट के नाम पर कांग्रेस नेत्री श्रीमती मेश्राम ने साई ज्वेलर्स , भंडारा निवासी अपने समदी से, बरडिया ज्वेलर्स ने सोना गिरवी रखकर दिये कुल 26 लाख रुपए 28 अक्टू. को संपूर्ण राशि राजेश गुप्ता को दी गई। चंपू गुप्ता ने 08 दिन बाद फिर श्रीमती मेश्राम से कहा की,04 लाख रूपये दो फिर एल.डी.एम. के लेटर पेड से आपके पक्ष में रिपोर्ट बनाता हूँ।आपकी टिकट कोई नहीं काट सकता राजेश लिलोटिया जो प्रभारी छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग है उसे सौप देता हूँ। श्रीमती मेश्राम इनकी चिकनी-चुपडी बातों में आ गई। और 04 लाख रूपये श्री गुप्ता की ओर से भेजे गए दो लड़को को राजनांदगांव के जी ई रोड स्थित राम दरबार मंदिर के पास ड्रायवर संतोष के सामने दी गई। इसके पूर्व जब श्री गुप्ता को 26 लाख रूपये दिये गए थे तब भी वे दोनो लड़के साथ में थे। इसके अलावा श्रीमती मेश्राम के पास दिल्ली होटल सहित फ्लाईट रेल्वे आदि के दस्तावेज उपलब्ध होने की बात कही गई है।

### राहुल, सोनिया गांधी से मिलवाने के नाम पर दिल्ली ले जाया गया

पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत के वायरल हुए पत्र में श्रीमती मेश्राम ने आगे लिखा है कि,दिनांक 31 अगस्त 2023 को धनश्याम विश्वकर्मा ने राजेश गुप्ता के कहने पर हमें नागपुर के रवि भवन में बुलवाया। उसी दिन शाम की फ्लाईट समय 4.55 नागपुर गए। दिनांक 03 सितंबर 2023 को धनश्याम विश्वकर्मा हमें होटल कुमार पैलेस में मिलने आया। किंतु 3 दिन दिल्ली में रूकने के बाद भी किसी से भी भेंट नहीं कराया गया। तब नई दिल्ली से नागपुर का फ्लाईट दिनांक 04 सितंबर 2023 को घनश्याम ने टिकट बुक कराया सुबह 4.55 को फ्लाईट नागपुर के लिये रवाना हुई।फिर हमें नागपुर से रायपुर ले गया। ओखा एल.टी.टी. एक्सप्रेस से दिनांक 4 सितंबर 2023 को रायपुर के फाफाडीहा चौक के होटल शुभ में रूकवाया। छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा से मिलना है बोला वह भी झूठ बोला गया। तब हम थक हार के दिनांक 05 सितंबर 2023 को रात में भगत की कोठी एक्सप्रेस से राजनांदगांव होते हुए डोंगरगढ़ आये।

### टिकट के साथ-साथ मंत्री बनाने का भी किया वादा

तथाकथित कांग्रेस नेताओं से धोखाधड़ी की शिकार हुई श्रीमती मेश्राम ने पत्र में आगे कहा है कि, राजेश गुप्ता ने यह पक्का अश्वासन दिया था कि सोनिया गाँधी से विधायक का टिकट पक्का करवाऐंगे एवं मंत्री भी बनायेंगे मेरे ऊपर विश्वास करो काम नहीं होने पर पूरा पैसा वापस लौटा दूंगा। कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने पर मैं अपने पति एवं ड्रायवर संतोष के साथ दिनांक 15.10.2023 उनके निवास स्थान में गये तब वह घर पर नहीं मिले घर वाले बोले डोंगरगढ़ गये राजेश बोला रायपुर में हूँ। उसके बाद दिनांक 22.10.2023 को उनके यहाँ मिलने गये तब राजेश गुप्ता से भेंट हुई आधा घंटा चर्चा हुई। इधर-उधर की गोल-मोल बाते बताने लगा जिससे ऐसा महसूस हुआ कि पैसा नहीं देगा अभी फोन के ऊपर फोन करने पर भी फोन नहीं उठा रहा। तब मजबूरन यहें कदम उठाना पड़ा। पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया गया है कि ऐसे धोकेबाज राजेश गुप्ता चंपू से मेरा 30 लाख रूपये दिलाने का कष्ट करेंगे एवं राजेश पर एफ.आई.आर. दर्ज किया जावें राजेश गुप्ता मुझे अनुसूची जाति की महिला है करके जानते हुए भी मेरे से धोखाधड़ी की हैं।

## पहला कॉलम...

### रेंगाकठेरा में आजादी का पर्व धूमधाम से मना



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम रेंगाकठेरा के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हर्षोल्लास के साथ आजादी का पर्व मनाया गया. इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. इस अवसर पर ग्राम के युवा संगठन विनायक ग्रुप के अध्यक्ष ब्रह्मानंद भूआर्य, उपाध्यक्ष भुवनलाल भूआर्य, सचिव महेश व अन्य सदस्यों के द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया.

### डाकघर महरूम में भव्यता से हुआ ध्वजारोहण



डोंगरगांव (दावा)। अंचल में स्थित डाकघर महरूम में 78वीं स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार पोस्ट मास्टर रामलाल देवांगन द्वारा राष्ट्रपिता और डॉ.बी.आर. अंबेडकर सहित विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के तैलचित्र में पूजा वंदन कर ध्वजारोहण किया गया. साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा ध्वज को एक साथ कदम ताल के साथ सलामी दिया गया. इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच अशोक सेवता, जनपद सदस्य किशुन साहू, पंच श्याम सिंह, प्राचार्य बी.बी.सिन्हा, पोस्टमेन सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व ग्रामीण शामिल हुए.

### स्वतंत्रता दिवस समारोह लाल किले से लौटे धनीराम मंडावी का भाजपा ने किया स्वागत



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी के मंत्री धनीराम मंडावी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले में ध्वजारोहण समारोह में शामिल होने आमंत्रित किया गया था, जिनके दिल्ली से वापस आने पर मंडल अम्बागढ़ चौकी द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, महामंत्री देवनारायण कुम्भकार, उपाध्यक्ष ढालसिंह साहू, मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी,भाजयुमो जिला महामंत्री काशी निषाद, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमर खोब्रागढ़े उपस्थित रहे।

### गौठान के नाम करोड़ों का घोटाला कर के कांग्रेस कर रही गौ सत्याग्रह- गुलाब गोस्वामी



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गौ सत्याग्रह रैली निकाले जाने पर भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी अध्यक्ष ने किसी तंज भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी ने कहा कि कांग्रेस ने नारवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी एवं गौठान, गोबर खरीदी के नाम पर करोड़ो का घोटाला किया और आज उन्हें गौ वंश की याद आ रही है, ये वही पार्टी है, जिनकी सरकार में दस हजार गौ वंश एवं गौ सेवक, करपात्री महाराज सहित हजारों साधु संतों की हत्या संसद मार्ग में कई गयी थी। ये आजाद भारत का सबसे बड़ा नर संहार था। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी ने कहा कांग्रेस गौ सत्याग्रह के नाम पर प्रपंच रच रही है, जो पार्टी गौ वंश की रक्षा ना कर सकी उन्हें गौ सत्याग्रह का कोई अधिकार नही है।

### कलडबरी में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

डोंगरगांव (दावा)। छुरिया विकाखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कलडबरी एवं प्राथमिक शाला में स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सर्वप्रथम स्कूली बच्चे प्रभात फेरी में देशभक्ति गीत व जयघोष नारों का उद्घोधन करते हुए गली भ्रमण किए साथ ही प्रमुख चौक चौराहों एवं शासकीय भवनों में ध्वजारोहण कर ध्वज वंदन व राष्ट्रगान का विधिवत गायन किया गया. राष्ट्रीय त्यौहार में बच्चो ने अपनी रंगारंग देशभक्ति से सराबोर सांस्कृतिक गतिविधि की प्रस्तुति दी. इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण भी किया गया, साथ ही प्राथमिक शाला के शिक्षक विनय सिंह, मनोज राना एवम संस्था प्रमुख बघेल मेडम की भी भूमिका सराहनीय रही.

## जिला प्रवक्ता ने किया भारत रत्न को नमन



**भाजपा संगठन से किया नाराजगी जाहिर**

खैरागढ़ (दावा)। भारत रत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजन को लेकर जिला भाजपा से कोई सूचना नहीं मिलने से नाराज जिला प्रवक्ता ने अटल उद्यान में अकेले तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। पूर्व प्रधानमंत्री के तैल चित्र लेकर माल्यार्पण बाद उनको नमन करते हुए जिला भाजपा प्रवक्ता अनिल अग्रवाल ने कहा कि पार्टी संगठन द्वारा पुण्यतिथि को लेकर शाम पांच बजे तक कोई सूचना नहीं मिलने के बाद उन्हें लगा कि छग प्रदेश के निर्माता और भाजपा के संस्थापक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित नहीं करना शायद उनके जीवन की सबसे बड़ी गलती होगी। इसलिए उन्होंने संगठन से कार्यक्रम आयोजन को लेकर किसी प्रकार की सूचना नहीं मिलने के बाद अकेले भारत रत्न को श्रद्धासुमन अर्पित किया। हालांकि इसकी जानकारी सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद जयस्तंभ चौक में महिला मोर्चा के कार्यक्रम में सात बजे के आसपास पूर्व पीएम का फोटो मंगाकर भाजपाईयों ने फोटो सेशन गया।

जिला भाजपा प्रवक्ता अनिल अग्रवाल के इस कदम को लेकर जिला भाजपा संगठन मे वर्चस्व को लेकर जारी अंदरूनी उठापटक सतही तौर पर सामने आने लगी है। जिला प्रवक्ता द्वारा शाम पांच बजे तक पूर्व पीएम की पुण्यतिथि पर कोई सूचना नहीं होना, महिला मोर्चा के कार्यक्रम का आमंत्रण मिलने की बात कहते हुए अकेले श्रद्धासुमन अर्पित करना इस बात को प्रमाणित कर रहा है कि अब जिला भाजपा संगठन के हालात पहले जैसे अनुशासन वाले नहीं रह गए।

पता चला है कि मंडल स्तर पर पूर्व पीएम की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजन को लेकर किसी प्रकार की सूचना सोशल मीडिया में भी प्रसारित नहीं की गई थी। संगठन द्वारा आयोजन को लेकर कोई पहल नहीं करने से नाराज जिला प्रवक्ता अनिल अग्रवाल ने अपने स्तर पर अकेले खुद भारत रत्न को नमन करते हुए भावनाओ को व्यक्त किया।

> एक सप्ताह से स्वास्थ्य खराब होने के कारण मैं इलाजरत हूं, जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजन की जानकारी मिली है।
> **- विनय देवागंन भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष**

> 'प्रदेश निर्माता की पुण्यतिथि को लेकर पार्टी संगठन द्वारा कोई सूचना शाम तक जारी नही करने के कारण मैने अकेले अटल उद्यान में उनको नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।
> **- अनिल अग्रवाल जिला प्रवक्ता भाजपा...**

## ध्वजारोहण...



खैरागढ़ ( दावा )। जिला मुख्यालय स्थित राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

### शिशु मंदिर की छात्राओं ने बीएसएफ के जवानों को बांधी राखी



खैरागढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के बीच सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ की छात्राओं ने परेड का अभ्यास कर रहे, बीएसएफ के जवानों को राखी बांधी। जिला निर्माण के बाद दूसरा स्वतंत्रता दिवस जिला मुख्यालय के राजा फतेह सिंह खेल मैदान में मनाया गया, जहां पुलिस व बीएसएफ के जवानों के द्वारा परेड कर सलामी दी जायेगी। उक्त परेड के अभ्यास के दौरान शिशु मंदिर की छात्राओं ने शिक्षिका आर्या सिंह, भारती वर्मा व कुशलध्वज वर्मा के मार्गदर्शन में जवानों की कलाई पर स्नेह की डोरी (राखी) बांधकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## सरकारी स्कूलों में जनभागीदारी अध्यक्षों की नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरे खिले







**प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद डीईओ ने जारी की बहुप्रतीक्षित सूची**

छुरिया (दावा)। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन के बाद ब्लॉक के विभिन्न शासकीय हाईस्कूलों व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। जानकारी के अनुसार उक्त बहुप्रतीक्षित सूची का बेसब्री से भाजपा कार्यकर्ताओं को इंतजार था, जिसे 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के तीन दिन पहले जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के माध्यम से सत्तारूढ़ भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देने का कार्य किया है। जिला अधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद अपने हस्ताक्षर से शाला विकास समिति के अध्यक्ष की सूची जारी किया है।

जारी सूची अनुसार शासकीय. स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल छुरिया में राधेश्याम शर्मा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भोलापुर में शिशुपाल साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बादराटोला में दिग्विजय दास साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चिरचारीखुर्द मे तीजू राम साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आतरगांव में अदलीराम साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बूचाटोला में जोहारीराम उईके, शासकीय हाईस्कूल ब्रह्मणी चारभाठा में तोरणदास वैष्णव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बखरूटोला में पद्मभूषण साहू, शासकीय हाईस्कूल घेरुघाट में हृदयराम नेताम, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खुर्सीटिकुल मे गोपालराम साहू ,शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चांदो में पुखराज देवांगन, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला चिचोला में कृष्णपाल धनकर, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार मे दरबार यादव, शा. हायर सेकेंडरी स्कूल चिरचारीकला श्रीमती अंजली शर्मा, शासकीय हाईस्कूल साल्हेटोला मे नोखन साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गैंदाटोला में मनीष त्रिपाठी, शा. हाईस्कूल कुहीखुर्द में कुमुद किशोर शुक्ला, शा. हायर सेकेंडरी स्कूल गोडलवाही में गोपाल भाआर्य, शा. हाईस्कूल रामपुर में बृजलाल साहू, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला झितराटोला शांता पंचारी, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला हालेकोसा में नैनसिंह पटेल, शासकीय हाईस्कूल जोब रोधन उईके, शासकीय हाईस्कूल बेदाडी उमेश कुमार दुगा, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला बेलरगोंदी में कुमारसाय साहू, शा. हाईस्कूल जोशीलमती में यादोराम साहू, शासकीय हाई स्कूल रामतराई विश्राम सिन्हा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में बालकिशन साहू, शा. हाईस्कूल छुरियाडोंगरी में प्रशांत ठाकुर, शासकीय हाईस्कूल मोरकुटुम्ब हरदेव कतलाम, शा. हायर सेकेंडरी स्कूल चारभाटा रामराज कुराटया, शासकीय हायरसेकेंडरी स्कूल आमगांव कु. में गोविंदराम साहू, शा. हायर सेकेंडरी स्कूल कुमर्दा घंसू कोलियारे, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल करमरी में लक्ष्मण साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल महरूम, सुमित मांडवी, शासकीय हाई सेकेंडरी तुर्रेगढ़ दिनेश राणा, शा. हायर सेकेंडरी स्कूल चिखलाकसा चंदूलाल पटेल , शासकीय हाईस्कूल शिकारीमाहका मे रेवाराम सिन्हा, शासकीय हाई स्कूल हैदलकोडो में भग्गूलाल साहू, शासकीय हाईस्कूल तेलीनबांधा मे ईठोवा चौहान, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गिदर्री प्रीतम साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उमरवाही में ठाकुरराम यादव, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल साल्हे में तुलाराम देवांगन एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खोभा में धनेशवर कोर्राम को अध्यक्ष मनोनित किया गया है।

## कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने किया ध्वजारोहण



खैरागढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर जिले की जनता और अधिकारियों कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। ध्वजारोहण के पश्चात् कलेक्ट्रेट परिसर में पूज्यनीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा देश भक्ति गीत और कविता की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर द्वय सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन राज, उप संचालक कृषि राज कुमार सोलंकी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकांत देव शुक्ला, जिला कोषालय अधिकारी गिरीश देवांगन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## हरियाली है तो खुशहाली है -साधना सिंह



अंबागढ़ चौकी (दावा)। श्रीमती साधना सिंह पार्षद/सभापति के द्वारा हरियर अंबागढ़ चौकी के तर्ज पर पिछले वर्ष पौधारोपण की शुरुआत की गई जिसमे नगर के अलग अलग स्थानों में लगभग सौ पौधे लगाए गए। इसी प्रकार इस वर्ष भी 15 अगस्त के दिन सौ पौधों को लगाने की शुरुआत की गई एवं पशुओं से उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। इस अवसर पर भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, उपस्थित रहे एवं श्रीमती साधना सिंह की इस पहल की सराहना करते हुए कहा की पौधारोपण मानव जीवन एवं पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है हर व्यक्ति को इस प्रकार की सोच रखते हुए पौधारोपण करने की जरूरत है। इस अवसर पर भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, अनिल मानिकपुरी जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, श्रीमती विधा ताम्रकार अध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, अशोक वर्मा पार्षद, शंकर निषाद पार्षद, विजय यादव पार्षद, मनीष बंसोड पार्षद, श्याम लाटा, अनिल महोबिया, मनीष साहू, प्रमोद ठलाल, दिलीप यदु मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, रामदयाल साहू एवं नागरिक जन उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट की विधिक जानकारी देने स्कूल पहुंचे माननीय न्यायाधीश



डोंगरगांव(दावा)। नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं अंग्रेजी/हिंदी माध्यम की छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की विधिक जानकारी देने जिला सत्र न्यायाधीश अविनाश तिवारी पहुंचे. उनके साथ हेमंत कुमार रात्रे जिला सचिव फास्ट ट्रेक पॉक्सो एक्ट तथा दिलीप कुमार सिसोदिया एसडीओपी राजनांदगांव, उपेंद्र शाह टीआई डोंगरगांव द्वारा छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की बारीकी से जानकारी प्रदान किया गया. छात्राओं द्वारा एक्ट के संबंध में प्रश्न पूछे गए, इसके विषय में अलग-अलग धाराओं के बारे में माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा छात्राओं को विस्तार से सरल तरीके से उदाहरण देकर बताया गया. छात्राओं को विकट परिस्थिति में घबराने एवं डरने के बजाए अपने ऊपर किसी भी प्रकार का शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक प्रताडना का निडर होकर डटकर सामना करने की बात कही साथ ही कानून के तहत सहायता मांगे जाने पर उन्हें संरक्षण प्रदान करने की कहा गया. इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य भारतलाल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता आर.के.गणवीर, स्वाति वर्मा एवं अन्य व्याख्याता शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे.

## वनांचल में शान से लहराया तिरंगा

**टापटेन छात्रों को किया गया सम्मानित**

*(सुनील उजवने)*



डोंगरगढ़/बोरतलाव (दावा)। वनांचल क्षेत्र शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मूख्य समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव के प्रांगण मे आयोजित किया गया। ध्वजा रोहण संस्था प्राचार्य श्रीमती वंदना चौरे ने किया तत्पश्चात स्काउट गाईड एवं अन्य छात्र छात्राओं के साथ रैली निकाल कर गांव के मुख्य स्थल एवं शासकीय संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांवत नंदेश्वर, अध्यक्षता सरपंच श्रीमती मण्डावी, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश उइके, प्रदीप उजवने, अशोक साहू, रमेश उइके, के.डी. सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं आंचलिक नृत्य आदि प्रस्तुत किये। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा में टापटेन छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में नागरिक, छात्र छात्राएँ एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नारद सिन्हा ने किया।

## जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली की पूर्व छात्रा पूजा गुप्ता ने डांस प्रतियोगिता में किया पुरस्कार वितरण



हर वार्ड में हो ऐसा आयोजन - पूजा

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जश्न- ए-आजादी के पावन पर्व पर इंदिरा नगर वार्ड नं.41 में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों से भरे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संध्या बेला पर आयोजित कार्यक्रम में जामिया मिल्लिया इस्लामिया की मेधावी छात्रा रही एवं शहर के प्रतिष्ठित इंडिया टाऊन चैनल के पूर्व मृदभाषी लोकप्रिय एंकर कु. पूजा गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुई।

इस दौरान जामिया की छात्रा पूजा गुप्ता ने अपने दादी माँ इंदिरा नगर वार्ड की पूर्व पार्षद स्व. श्रीमती शिवकली देवी गुप्ता को स्मरण करते हुए स्व. श्रीमती गुप्ता को मिले सहयोग व स्नेह के लिए वार्ड के लोगों का आभार व्यक्त किया। साथ ही पूजा गुप्ता ने क्षेत्र के वर्तमान पार्षद राजेश गुप्ता चंपू द्वारा वार्ड विकास को लेकर किए जा रहे प्रयास और वार्डवासियों से पार्षद को मिल रहे जन समर्थन के लिए खुशी जाहिर की।

डांस स्पर्धा में विशेष रूप शामिल हुई पूजा गुप्ता ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता हर वार्ड मे होना चाहिए।हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा मौजूद रहती है, जैसे कोई पढ़ाई के क्षेत्र तो कोई खेल के क्षेत्र तो कोई गायकी व डांस के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर अपने हुनर का लोहा मनवाता है।यह मंच बच्चों में संकोच व झीझक दूर करने में सहायक होता है और उनका विश्वास बढ़ता है।आज यह बच्चे छोटे मंच पर अपने कला का प्रदर्शन कर रहें मैं ईश्वर से कामना करती हूं कि भविष्य में इन्हें बड़ा मंच मिले और ये बच्चे अपनी कला से अपने माता-पिता गुरुजनों तथा राजनांदगांव का देश दुनिया में नाम करें। पूजा गुप्ता ने इस अवसर पर अपने करकमलों से डांस में प्रथम. द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि वितरित की। इस दौरान नेशनल पावर लिफ्टिंग प्लेयर चंचल गुप्ता की मौजूदगी रही। बजरंग व्यायाम शाला के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बस्ती वासियों का योगदान अत्यंत सरहानीय रहा।

## खैरागढ़ जिले में स्वाइन फ्लू ने दी दस्तक, 1 मिला पॉजिटिव, स्वास्थ्य विभाग सचेत



खैरागढ़ (दावा)। स्वाइन फ्लू ने खैरागढ़ जिले में दस्तक दी है। यहां एक मरीज पॉजिटिव मिला है। छुईखदान स्थित गायत्री मंदिर क्षेत्र का निवासी स्वाइन फ्लू पॉजिटिव पाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग सचेत हो गया है और वार्ड के सभी लोगों को सर्वेक्षण कर रहा है। स्वास्थ विभाग ने स्वाइन फ्लू से बचाव और लक्षण मिलने पर तुरंत अस्पताल में जांच कि लिए आने की अपील की गई है।

विगत लगभग 7 दिनों से युवक सर्दी खांसी एवं बुखार से पीड़ित था। उन्होंने अपना उपचार निजी चिकित्सक के पास कराया था। उसके बाद सरकारी हॉस्पिटल छुईखदान में भर्ती कराया गया था। वहां से उनकी पत्नी ने बड़े प्राइवेट इलाज के लिए राजनांदगांव में भर्ती करवाया। वहां पर टेस्ट कराया गया, जहां स्वाइन फ्लू पॉजीटिव पाया गया। सूचना मिलने पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष बघेल शासकीय चिकित्सालय छुईखदान अपनी टीम के साथ गायत्री मंदिर परिसर जाकर कॉन्टेक्ट ट्रेसिग के तहत बच्चों का भी सैंपल लिया।

## रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर आजादी के आंदोलन में उनकी निभाई गई भूमिका को याद किया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया एवं आजादी के आंदोलन में निभाई गई भूमिका को याद किया। इस अवसर पर श्री लोधी ने कहा कि, पराक्रम की गाथा लिखकर मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग देने वाली अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी राष्ट्र के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगी।

रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर देश उन्हें याद कर नमन कर रहा है। अमर बलिदानी, अमर शहीद महान वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर स्थित मेला ग्राउंड पर अवंतीबाई चौक पर जाकर अदम्य साहस और शौर्य की प्रतिमूर्ति रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया एवं आजादी के आंदोलन में निभाई गई भूमिका को याद किया।

### 1857 की क्रांति में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार थी अवंती लोधी

विष्णु लोधी ने कहा सन् 1857 की क्रांति में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार और पराक्रम की गाथा लिखकर मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग देने वाली रानी अवंतीबाई लोधी राष्ट्र के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगी। मातृभूमि के गौरव व सम्मान के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाली वीरांगना की गौरवगाथा राष्ट्र सम्मान व सेवा हेतु सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा देती रहेगी। एक भारतीय क्षत्रिय रानी-शासिका और स्वतंत्रता सेनानी थी रानी अवंतीबाई लोधी। महारानी का जन्म लोधी क्षत्रिय परिवार में 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेहड़ी जिला सिवनी में जमींदार राव जुझार सिंह लोधी के घर में हुआ था। रानी अवंतीबाई लोधी एक भारतीय क्षत्रिय रानी-शासिका और स्वतंत्रता सेनानी थीं। वह मध्य प्रदेश के रामगढ़ की रानी थीं। ऐसे में आज उनकी जयंती पर देश उन्हें याद कर नमन कर रहा है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातः विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सुरेश दास वैष्णव, वीर सिंह यादव थैलेश साहू के नेतृत्व में घोष दल के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी जिसमे बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है।

इस अवसर पर उपस्थित रहे रामजी भारती पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, विनोद खांडेकर पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के संरक्षक, भरत वर्मा, सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सचिव नीलम चोपड़ा सहसचिव सुशील जैन, राजेंद्र जैन पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर राव गिरधर नारायण लाल अग्रवाल लक्ष्मी नारायण अग्रवाल महेंद्र भाई पटेल महेंद्र अग्रवाल विनीत यादव प्रकाश नरेड़ी पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती वैशाली देशकर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों के द्वारा ध्वजा आरोहण हुआ तत्पश्चात पूजा अर्चना के माध्यम से कार्यक्रम आरंभ हुआ विद्यालय के भैया बहनों द्वारा स्वतंत्रता दिवस से संबंधित गीत, कहानी कविता, रिकॉर्डिंग डांस आदि प्रस्तुत किया गया। जिन्होंने जनमानस पर देशभक्ति का भाव जगाया। कार्यक्रम का संचालन बहन डिंपल यादव बहन निकिता यादव के द्वारा किया गया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा विभिन्न महापुरुषों के वेशभूषा धरकर उनके बारे में बताया जैसे सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई, तीजन बाई, पीटी उषा देशभक्त सैनिक आदि इन्होंने विद्यार्थियों के मन को मोह लिया। विनोद खांडेकर और रामजी भारती को विद्यालय के शिक्षा समिति ने श्रीफल साल एवं प्रतीक चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया उनके कार्यों को याद किया, कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## हाईस्कूल मुंगलानी के जनभागीदारी अध्यक्ष बने देवेन्द्र यादव



डोंगरगढ़(दावा)। लाल बहादुर नगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मुंगलानी के शासकीय हाईस्कूल मुंगलानी के जनभागीदारी प्रबंधन समिति के लिए उप मुख्यमंत्री, राजनांदगाव जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डे, डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के शैडों विधायक भरत वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बोधीराम साहू के निर्देशन पर भाजयुमो कोषाध्यक्ष देवेन्द्र यादव को हाईस्कूल मुंगलानी का अध्यक्ष बनाया गया।

नियुक्ति पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अशोक वर्मा,अध्यक्ष भोजराज वर्मा, नितिन वर्मा, भूपेंद्र यदु, मुकेश वर्मा, संदीप सिन्हा, घनश्याम यादव, रोशन उइके, शाला के प्राचार्य कुंजाम सर, योगेंद्र वर्मा सर, दिनेश साहू से, मानिकपुरी मेडम, केवर्त मेडम सहित क्षेत्र के युवाओ ने बधाई दी।

## नि:शुल्क वृद्धजन आयुष स्वास्थ्य शिविर खपरीखुर्द में ग्रामीणों को किया गया लाभान्वित



डायरिया रोकथाम हेतु किया गया औषधि वितरण

राजनांदगांव (दावा)। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, शासकीय आयुर्वेद औषधालय पदुमतरा के आश्रित ग्राम खपरीखुर्द में संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी डा. शिल्पा पांडे के मार्गदर्शन में 13 अगस्त, दिन मंगलवार को नि:शुल्क एकदिवसीय वृद्धजन आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डॉ. सतेंद्र दुबे के कुशल मार्गदर्शन में महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेद साइंस के चिकित्सक छात्रों द्वारा डोर-टू-डोर स्वास्थ्य सर्वे किया गया तथा उपस्थित सभी ग्रामीणों का प्रकृति परीक्षण एवं रक्त दाब रक्त शर्करा मलेरिया जांच कर गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गयी तथा शिविर में उपस्थित आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. सुनीता कोचंद्र, डॉ हर्ष साहू, डॉ. हर्षा दुबे द्वारा तदानुरूप जीवन शैली परामर्श एवं व्याधि अनुसार औषधि वितरण किया गया।

शिविर का शुभारंभ ग्राम सरपंच प्रतिनिधि पुरषोत्तम वर्मा, श्रीमती इंदु महोबिया, पुष्पा महोबिया, श्रीमती कस्तूरी महोबिया आदि के द्वारा भगवान धन्वन्तरि की पूजा-अर्चना कर किया गया। इस शिविर में कुल 236 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क औषधि प्रदान किया गया। जिसमें वृद्धजन 91 मरीज लाभान्वित हुए। साथ ही उच्च रक्तचाप, शुगर जांच, मलेरिया जांच का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही इन दिनों खपरीखुर्द में डायरिया के बढ़ते कुछ केस मिलने से उपस्थित सभी ग्रामीणों को वर्षा ऋतु आहार विहार चर्या की जानकारी दी गयी एवं डायरिया रोधक आयुर्वेद औषधि का भी ग्रामीणों को वितरण किया गया। इस शिविर में सतीश राम, अंजू डडसेना फार्मासिस्ट (आयुर्वेद), नेपाल सिन्हा, शत्रुघ्न यादव, दूजलाल कुंजाम, इंद्राणी साहू, शांति यादव, कस्तूरी महोबिया ने अपनी सेवा प्रदान की तथा शिविर प्रभार एवं संचालन डॉ. हर्षा दुबे द्वारा किया गया।

## एफएनएचडब्ल्यू, जेण्डर एवं एसआई विषय पर जिला स्तरीय बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला राजनांदगांव अंतर्गत सामाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास के तहत एफएनएचडब्ल्यू (फुड, न्यूट्रीशियन, हेलथ एवं वॉस), जेण्डर (जेण्डर स्ट्राटेजी) एवं एसआई (सामाजिक समावेशन) विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय अभिसरण बैठक जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को पोट्ठ लईका अभियान, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण अभियान, आपदा कोष योजना एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं के महत्व एवं क्रियान्वयन के संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया।

बैठक में महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों के खान-पान, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, सामाजिक स्तर पर उत्पन्न लैंगिक असमानता एवं घरेलू हिंसा के विषय में जागरूकता लाने हेतु बिहान अंतर्गत विकासखण्डों में कार्यरत मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। बैठक में एफएनएचडब्ल्यू, जेण्डर एवं एसआई से संबंधित मास्टर ट्रेनर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी, प्रदान एवं यूनिसेफ संस्था के अधिकारी सहित एनआरएलएम अंतर्गत जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसजनों ने गौ माता सत्याग्रह के नाम से किया प्रदर्शन





डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में डोंगरगढ़ शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में गौ माता सत्याग्रह के नाम से उग्र प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गौ पालकों ने अपना आक्रोश दिखाते हुए गौ माता को लेकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे और शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा के गौठान को तत्काल चालू किया जाए गौ माता को सुरक्षित और संरक्षित किया जाए।

वहीं दूसरी और कांग्रेस शासन काल में विकासखंड में बड़ी संख्या में पशुओं के संवर्धन हेतु गौठानों का निर्माण किया गया था। जो या तो अपूर्ण है या पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। विकासखंड में बनाए गए गौठानों की स्थिति से अनजान प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों का कहना है कि, रोड में बैठे हुए आवारा पशुओं को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया जाए। गांव में खेतों को नुकसान करने वाले आवारा पशुओं को गौठान में डालकर उनके लिए उचित चारे की व्यवस्था करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उपस्थित थे डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, संगठन प्रभारी प्रभा साहू, राजकुमारी सिन्हा, राजू राजपूत, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मनोहर कंडरा, राहुल यादव, मनोज साहू, कृष्णा लिल्हारे, जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष संदीप गहरवार, प्रकाश महानदी, बंटी गुप्ता, शिशिर मिश्रा, तरुण फूले अध्यक्ष युवा कांग्रेस, दिनेश साखरे, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, संध्या देशपांडे, रेखा खोब्रागड़े, किरण मेश्राम, इंदरपाल सिंह राजा, राजू राजपूत, शिशुपाल भारती, नरेश करसे, बानऊ राम जोशी, फिरंगी पटेल, गणपत रजक, राहुल यादव, सामशाय टांडेकर, चुम्मन साहू, बब्बू भाटिया, निशा निर्मलकर, दुलीचंद बडोले, मनोज साहू, संजीव गुप्ता, प्रवेश मेश्राम, प्रशांत कांडे, नितेश लारोकर, शिशिर मिश्रा, रितु निर्मलकर, रूपेश वर्मा, रामजी तराने, इमरान अहमद, किशोर अम्बादे, रिम्मी भाटिया, पंचराम चंदेल, जगदेव साहू, भुनेश्वर साहू, पुरण वर्मा, धनंजय वर्मा, सतानंद कंवर, डॉ. अमिल, हरीश भंडारी, गोकरण कोसले, पुरण वर्मा, प्रीतम साहू, भाऊदास मेश्राम, डीके वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

विधायक देवेंद्र यादव गिरफ्तार..

चौथी नोटिस के जवाब में उन्होंने कहा था कि पुलिस को जो भी बयान लेना है, वह उनके पास आए और लेकर जाए। विधायक देवेंद्र यादव ने बीजेपी के इशारे पर पुलिस उन्हें बार-बार नोटिस देकर परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होने आगे कहा कि, जेल में बंद सतनामी समाज के युवाओं को मेरे खिलाफ जबरन बयान देने के लिए धमकाया जा रहा है। उनसे ये बोलने को कहा जा रहा है कि, देवेंद्र यादव 12 गाड़ियों में भरकर लोगों के साथ आए थे।

विधायक देवेंद्र यादव ने आगे कहा कि, मैं अपना राजनीतिक काम छोड़कर बार-बार बलौदाबाजार बयान दर्ज कराने नहीं जाऊंगा। मैंने अपना जवाब पुलिस को भेज दिया है और जरूरत पढ़ने पर मैं राज्यपाल से मुलाकात करूंगा। न्यायालय की सहायता से इसका सामना करूंगा। बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। सुबह से ही बलौदाबाजार पुलिस की टीम विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार करने पहुंची थी। गिरफ्तारी से पहले ही युवा कांग्रेस का प्रदर्शन चल रहा है। सभी जिलों में युवा कांग्रेस ने गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका फूंका।

बजरंग पुनिया ने किया तिरंगे का अपमान...

कि वह तुरंत माफी मांगे। सोशल मीडिया पर यूजर्स लिख रहे हैं कि तिरंगे को हर जगह लगाना ठीक नहीं है। यह प्रचलन बंद होना चाहिए कि आप अपने किसी निजी समारोह में तिरंगे के बैनर या पोस्टर लेकर जाएं। अगर, आप ऐसा कर रहे हैं तो इस बात का ध्यान दें कि उसका अपमान ना हो पाए। विनेश का रोड शो में दिखे कांग्रेस सांसद- विनेश के रोड शो में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी नजर आए। वह विनेश, बजरंग व साक्षी मलिक के साथ कार में दिखाई दिए। इस दौरान विनेश रो रही थीं, जिनको साक्षी और बजरंग ने चुप कराया।

*पीएम मोदी से आईएमए ने*

इससे न केवल महिला डॉक्टरों बल्कि कार्यस्थल पर काम करने वाली हर महिला को आत्मविश्वास मिलेगा। भारतीय डॉक्टरों में 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को कार्यस्थल पर शांतिपूर्ण माहौल, सुरक्षा और संरक्षा मिलनी चाहिए। हम अपनी मांगों को पूरा करने के लिए उचित उपाय सुनिश्चित करने के लिए आपके हस्तक्षेप की अपील कर रहे हैं।

***7 दिन की पुलिस रिमांड पर विधायक***

उपलब्ध नही कराया गया, साथ ही पुलिस ने मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन किया गया। इधर कोर्ट ने जमानत को खारिज करते हुए विधायक देवेंद्र यादव को 7 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। फिलहाल पुलिस ने जमानत खारिज होने के बाद विधायक को सेंट्रल जेल रायपुर के लिये रवाना हो गई। अब देखना होगा कि आगे कब विधायक देवेंद्र यादव को जमानत मिलता है।इससे पहले शनिवार को दिनभर हाईवोल्टेज सियासी ड्रामा चलता रहा। इस दौरान पुलिस की समर्थकों से भी जमकर झड़प हुई। गिरफ्तारी से पहले देवेंद्र यादव सफेद झंडा और संविधान पकड़कर जोश में लड़ेंगे-लड़ेंगे कहते दिखे।

***आसाराम को मिली पैरोल से ...***

आसाराम 2 सितंबर 2013 से जेल में हैं। हाल ही में, जोधपुर हाई कोर्ट ने उसे इलाज के लिए 7 दिन की पैरोल दी है। जोधपुर पुलिस ने 2013 में आसाराम को उनके इंदौर स्थित आश्रम से गिरफ्तार किया था। पांच साल के लंबे ट्रायल के बाद, 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। गांधीनगर कोर्टः गुजरात के गांधीनगर स्थित आश्रम की एक महिला ने भी आसाराम पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस मामले में 31 जनवरी 2023 को अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी थी।

**0 पीड़िता के परिवार की सुरक्षा बढाई जाएगी-** शाहजहांपुर एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि पीड़िता के परिवार की सुरक्षा के लिए पहले से ही पुलिसकर्मी तैनात हैं और उन्हें एक गनर भी दिया गया है। अगर जरूरत पड़ी तो सुरक्षा और बढ़ाई जाएगी।

## प्रथम पेज का शेष

फिलहाल, परिवार सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है और प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रहा है। ऐसे में शाहजहां पुलिस की ओर से पीड़िता और उसके परिवार को पूरी सुरक्षा देने का आश्वासन दिया गया है।

***69000 शिक्षक भर्ती ...***

क्योंकि बेसिक शिक्षा विभाग ने कल ही बयान जारी कर कहा था कि किसी भी युवा के भविष्य के साथ अन्याय नहीं होगा। ऐसे में यह माना जा रहा है कि सरकार पहले से नौकरी कर रहे युवाओं के लिए भी कोई न कोई रास्ता निकालेगी। 5000 से ज्यादा के प्रभावित होने की संभावना- इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने तेजी से इस पर मंथन शुरू किया है। प्रथम दृष्टया यह माना जा रहा है कि अगर विभाग दोबारा सूची बनाता है तो 5000 से 6000 नौकरी कर रहे युवा इससे प्रभावित होंगे। क्योंकि इस मामले में सिंगल बेंच में सरकार की ओर से जनवरी 2022 में आरक्षित वर्ग के 6800 प्रभावित अभ्यर्थियों की सूची दी गई थी। हालांकि बाद में इसे सिंगल बेंच ने इसे भी निरस्त कर दिया था और नई सूची बनाने को कहा था। 69000 शिक्षक भर्ती में साबित हुआ आरक्षण घोटाला- माले- भाकपा (माले) ने कहा है कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में पूरी सूची फिर से जारी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से प्रदेश सरकार का आरक्षण घोटाला साबित हुआ है। यह उचित प्रतिनिधित्व से वंचित अभ्यर्थियों के पिछले चार साल से जारी संघर्षों की जीत है। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि प्रदेश सरकार ने हकमारी की थी।आरक्षित वर्ग के वंचित अभ्यर्थी इस मंत्री से उस मंत्री के दरवाजे गुहार लगाते रहे, धरना-प्रदर्शन किए। लेकिन भाजपा और उसकी सरकार ने एक न सुनी।

***चौतरफा विरोध के बाद झुकी बंगाल सरकार..***

भाजपा की बंगाल इकाई की ओर से एक्स पर पोस्ट करके हमलावरों के नाम भी बताए गए हैं। वहीं माकपा के वरिष्ठ नेता तन्मय भट्टाचार्य ने भी कहा है कि तोड़फोड़ के पीछे तृणमूल पार्षदों के लोग शामिल हैं। स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि पुलिस इलाके में आ रही है लेकिन आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर रही क्योंकि वे सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के लोग हैं। हमले के आरोपितों में कोई बेलगछिया तो कोई दमदम का रहने वाला है। दूसरी तरफ पुलिस ने इन आरोपों से इन्कार करते हुए कहा कि किसी को भी बचाने की कोशिश नहीं की जा रही। इस मामले में अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**कर्नाटक सीएम के खिलाफ चलेगा भ्रष्टाचार.....**

भाजपा सिर्फ मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने की कोशिश कर रही है. सिद्धारमैया की पत्नी की 3 एकड़ जमीन से जुड़ा है घोटाला गौरतलब है कि सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के पास मैसूर जिले के केसारे गांव में 3 एकड़ व 16 गुंटा जमीन थी. ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी. एमयूडीए ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था. हालांकि इस जमीन के बदले 2022 में बसवराज बोम्मई सरकार ने पार्वती को साउथ मैसूर के पॉश इलाके में 14 साइट्स दिए गए थे. इनका 50-50 अनुपात योजना के तहत कुल 38,283 वर्ग फीट एरिया था. सिद्धारमैया पर लगे है ये आरोप-- 1998 से लेकर 2023 तक सिद्धारमैया कर्नाटक में डिप्टी सीएम या सीएम जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे. भले ही सीधे तौर पर वे इस घोटाले से न जुड़े हो, लेकिन उन्होंने अपनी पावर का इस्तेमाल कर करीबी लोगों को मदद की. - सिद्धारमैया की पत्नी को 1998 से लेकर 2023 तक सिद्धारमैया कर्नाटक में डिप्टी सीएम या सीएम जैसे प्रभावशाली पदों पर रहे. भले ही सीधे तौर पर वे इस घोटाले से न जुड़े होए लेकिन उन्होंने अपनी पावर का इस्तेमाल कर करीबी लोगों को मदद की.

***अब कॉर्पोरेट एक्सपर्ट बिना***

उपसचिव और निदेशक स्तर पर 45 डोमेन एक्सपर्ट्स की भर्ती करना है। इनमें से 10 पद संयुक्त सचिव स्तर के हैं, बाकी उप सचिव और निदेशक स्तर के हैं। ये भर्तियां वित्त, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि, पर्यावरण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों के लिए की जाएंगी। सरकार का मानना है कि डोमेन एक्सपर्ट्स के आने से नीति निर्माण और कार्यान्वयन में सुधार होगा। यह एक्सपर्ट्स निजी क्षेत्र में अपने क्षेत्र में विशेष अनुभव रखते हैं। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य सरकारी क्षेत्र में विशेष ज्ञान और निजी क्षेत्र के अनुभव को शामिल करना है।

**अपने आप में एक दिलचस्प पहल रही लेटरल एंट्री**

लेटरल एंट्री अपने आप में एक दिलचस्प पहल रही है। इससे पहले केंद्रीय नौकरशाही में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ही शामिल होते रहे हैं। मोदी सरकार ने शासन में अपेक्षाकृत नया दृष्टिकोण लाते हुए, पारंपरिक सिविल सेवाओं के बाहर से पेशेवरों को लाने के लिए लेटरल एंट्री शुरू थी। साल 2019 में ऐसे कई लोगों को पहली बार सरकारी नौकरी मिली थी।

लेटरल एंट्री के जरिए नए लोगों के नए विचार और अनुभव का लाभ लेने के लिए ऐसे विशेषज्ञों को भर्ती किया जा चुका है, जिनको अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचा, और कृषि जैसे क्षेत्रों का अच्छा ज्ञान था। पिछले पांच सालों में सरकार ने कुछ बैच में इन डोमेन स्पेशलिस्ट को भर्तियां दी हैं। इनमें से कुछ लोगों को संयुक्त सचिव के पद पर रहने के लिए एक्सटेंशन भी दिया गया है।

हालांकि, लेटरल एंट्री में संभावनाओं के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं। कुछ विशेषज्ञ नई सोच और प्रभावी बदलाव लाए हैं, तो कुछ को नौकरशाही की जटिलताओं से जूझना पड़ा है। लेटरल एंट्री के विशेषज्ञों को सरकारी कामकाज के अनुकूल ढालना बड़ी चुनौती है। इसलिए, लेटरल एंट्री में कुछ ऐसे भी लोग थे जो सरकारी नौकरी छोड़कर वापस निजी क्षेत्र में चले गए। इन सब चुनौतियों के बावजूद, हालिया समय में यह लेटरल एंट्री के लिए सबसे बड़ा बैच है और यह नौकरशाही में सुधार लाने और बाहरी प्रतिभाओं का उपयोग करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# हीरापुर के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, अब गांव में ही मिलेगा राशन- हेमलाल वर्मा

**डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पंचायत मक्काटोला के आश्रित ग्राम हीरापुर में शासकीय उचित मुल्य की दुकान का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल जनपद सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम वैष्णव, अंडी के सरपंच जसबीर सिंह चौहान, झिंझारी के पूर्व सरपंच रामाधार ओझा, एवं ग्राम पंचायत के प्रधान (सरपंच) हेमलाल वर्मा के साथ मक्काटोला एंव हीरापुर के ग्रामीणों, ग्राम प्रमुखों द्वारा किया गया।**

इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों को प्रधान हेमलाल वर्मा ने बताया कि शासकीय राशन दुकान हीरापुर में शुरू हो गांव वालों को मक्काटोला 04 किलोमीटर राशन लेने जाना ना पड़ें उसके लिए लगभग मैं 06-07 साल से कोशिश कर रहा था। किंतु कांग्रेस शासन काल में ग्रामीणों की परेशानी को दूर करने की दिशा में जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी द्वारा प्रयास नहीं किया गया। जिसके कारण ग्रामीण जन सुविधा से वंचित रहे।



बुजुर्गों और महिलाओं को चार किलोमीटर मक्काटोला से राशन लाने में होती थी परेशानी अब मिलेगा राहत

### रवि अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया प्रयास सफल हुआ

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पुनः राशन दुकान की अनुमति हेतु, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ में आवेदन किया, जिसमें फुड इंस्पेक्टर ने रिपोर्ट बनाया और इसके लिए विशेष प्रयास जनपद सदस्य रवि अग्रवाल के द्वारा किया गया। जिससे हीरापुर में राशन दुकान शूरू करने का प्रयास सफल हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल ने ग्रामवासियों को नवीन राशन दुकान खुलने पर बधाई देते हुए कहा की,छत्तीसगढ़ सरकार एवं मोदी सरकार की सभी योजना गांव गांव तक पहुंचे उसके लिए हम कोशिश कर रहें हैं। आप कभी भी किसी समय कोई भी काम के लिए हमसे संपर्क कर सकते हैं। हमारी कोशिश रहेंगी कि अपनी तरफ से आप लोगों की मदद हो इसके लिए पुरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रधान हेमलाल वर्मा ने सभी अतिथि और मक्काटोला से आए ग्राम प्रमुखों, पूर्व सरपंचो एवं ग्रामवासियों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया और 10 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर ग्रामीणों का आभार व्यक्त भी किया। कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा हीरापुर के ग्राम प्रमुख फत्ते वर्मा, प्रमोद वर्मा,पटेल दिनेश वर्मा, मक्काटोला के पूर्व सरपंच नरेंद्र ठाकुर, ग्राम मुखिया चुरामन सोनी, हेमंत साहु, घनाराम साहु, पंचगण संतोष बंजारे, रवि पटेल, अरूण वर्मा, कांती वर्मा, प्रेमबती वर्मा, हेमिन बाई वर्मा, पंचायत सचिव हिरेन्द्र निषाद के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें और राशन दुकान के लिए जनपद सदस्य रवि अग्रवाल जी और प्रधान हेमलाल वर्मा को ग्रामवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवशरण सेन ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद राजेश यादव एवं शेखर साहू उपस्थित थे। ध्वजारोहण पश्चात श्री देवशरण सेन ने बच्चों को राष्ट्रप्रेम के महत्व के बारे में जानकारी दी और बच्चों को देश की उन्नति के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें देशभक्ति का जज्बा जगाया। उन्होंने बताया कि देश के लिए हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने और हमारे देश के जवानों ने अपना सर्वस्व अर्पित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वीर शहीदों के बलिदान को अक्षुण्य बनाये रखने एवं देशप्रेम की भावना के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में स्कूल के बच्चों द्वारा आरंभ है प्रचंड है। देश भक्ति गीत पर लगन एवं समर्पण के साथ समूह नृत्य प्रस्तुत किया और प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। इस सफलता के लिए शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवशरण सेन ने सभी बच्चों तथा शाला परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे, उच्चत्तर माध्यमिक एवं पूर्व माध्यमिक विभाग के स्टॉफ और बच्चे उपस्थित थे।

# सुखरी के शा. प्राथमिक विद्यालय में ध्वजारोहण के साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

साल्हे (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम सुखरी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुखरी में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते अध्यक्ष भीष्म तिवारी, मुख्य अतिथि श्रीमती चन्द्रिका सोनकर, रोहित सोनकर, विशेष अतिथि में ग्राम प्रधान हरिराम साहू, सी.एल. हिरवानी, निर्भयराम साहू, बसन्त साहू, समन्वय रात्रे जी, ओर समस्त ग्राम वासी की उपस्थिति में संस्कृतिक क्रायक्रम सम्पन्न हुआ। श्रीमती चन्द्रिका सोनकर द्वारा शाला में ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी गरिमा मय उपस्थिति दी।



बच्चों को अपना अमूल्य आशीर्वाद प्रदान किया। सुखरी स्कूल में क्लास बारहवीं, दसवीं, आठवीं,पांचवी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया। जिससे बाकी छात्रों को प्रेरणा मिले और वे भी पढ़ाई में अपना अच्छा प्रदर्शन कर सके। प्रधान पाठक सपना भरतद्वाज द्वारा ये नई परम्परा की शुरुआत हुई । जिसमें 12 के नुमेश साहू 84 प्रतिशत, 10 के कुलदीप साहू ने 92प्रतिशत, गायत्री गोस्वामी ने 89प्रतिशत, हिमांशी साहू ने 86 प्रतिशत, रोहित धनकर, क्लास आठवीं में भावना शर्मा, नीतू धनकर, लालिमा साहू, कुमकुम साहू, हिमांशी साहू, उर्वसी साहू, पांचवी से दिव्यांशु शर्मा, वर्षा, चित्ररेखा, आदित्य, मौली, गरिमा, हर्षिका को इस मंच पर सम्मानित किया गया। शाला परिवार ने सभी ग्रामीणों ओर बच्चों को बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जिला भाजपा ने मनाया विभाजन विभिषिका दिवस

**खैरागढ़ (दावा)। स्वतंत्रता से पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को भारत पाकिस्तान के विभाजन के दौरान की परिस्थितियों को स्मरण करने के लिए भारतीय जनता पार्टी खैरागढ़ छुईखदान गंडई द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका दिवस के रुप में मनाया गया।**

भाजपा कार्यालय खैरागढ़ में विभाजन विभिषिका दिवस के कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा,प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू की मौजूदगी में संगोष्ठी आयोजित कर विभाजन विभिषिका दिवस के रुप में सांकेतिक मौन रैली जिला भाजपा कार्यालय से जयस्तंभ चौक तक निकाली गई।। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि विभाजन के दौरान जो परिस्थितियां उत्पन्न हुई, उसे याद करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक है, उन्होंने भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने संगठन के विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी के साथ ही अहिल्याबाई होलकर की जयंती को लेकर कार्यक्रम की जानकारी भी दी।



प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कहा कि हम स्वतंत्रता दिवस के दिन देश के लिए बलिदान देने वाले देशभक्तों को तो याद करते हैं। किन्तु स्वतंत्रता मिलने के एक दिन पूर्व जब धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ तब उस वक्त जिन लाखों लोगों को दंश झेलना पड़ा। लाखों लोगों को देश के बंटवारे के विषय को लेकर अपनी जान गंवानी पड़ी महिलाओं व बच्चों पर भी अत्याचार हुए उस विभिषिका का दंश झेलने वाले लोगों को स्मरण करने के उद्देश्य से यह विभाजन विभिषिका दिवस मनाया जा रहा है।। उन्होंने विस्तार पूर्वक बताया कि कैसे उस दौर के नेताओं ने धर्म के आधार पर देश का विभाजन कर दिया। उन्होंने बांग्लादेश के ताजा हालातों का जिक्र करते हुए बताया कि भारत देश आज सबसे सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि आज कि युवा पीढ़ी को ये पता होना चाहिए कि कैसे हमारे पूर्वजों को उस दौर में विभाजन विभिषिका का दंश झेलना पड़ा।

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि कुछ नेताओं ने अपने स्वार्थ के लिए भारत के टुकड़े कर दिए जिसका भुगतान विभाजन के वक्त लाखों लोगों को भुगतना पड़ा। ऐसी विभाजन विभिषिका को स्मरण करने इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि हमें आजादी मिलने के एक दिन पूर्व धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ,ऐ उस दौर के नेताओं ने किया। उन्होंने अपने स्वार्थ के लिए देश को टुकड़ों में बांट दिया। ऐ सब उस वक्त लाखों लोगों को भुगतना पड़ा।

कार्यक्रम के दौरान मौन प्रदर्शनी के रुप में भाजपाईयों ने भाजपा कार्यालय से जय स्तंभ चौक तक रैली निकाली जिसका संचालन जिला मंत्री शशांक ताम्रकार ने किया।।संगोष्ठी कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन संयोजक टी के चंदेल व मंच संचालन ज्ञानदास बंजारे ने किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामाधार रजक, पूरन जंघेल, संयोजक टी.के. चंदेल, सूर्यदमन सिंह, ज्ञानदास बंजारे, अवध वर्मा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शान-ओ-शौकत से मुस्लिम समाज ने शहर में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा



**राजनांदगांव (दावा)। आजादी के 77वीं वर्षगांठ पर कौमी एकता का परिचय देते हुए देशभक्ति गीतों के साथ शान-ओ-शौकत से मुस्लिम समाज ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली।**

उक्त जानकारी देते हुए समाज के आफताब अहमद ने बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा जामा मस्जिद से हर साल की तरह इस साल भी शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो कि शहर का भ्रमण करते हुए जामा मस्जिद चौक पर रैली का समापन किया गया, जिसमें समाज के सभी बच्चों व बडों की उपस्थिति रही। रैली का विभिन्न समाज के लोग शामिल हुए।

महाकाल यात्रा के मुख्य पवन डागा, रूपेश दुबे, भावेश अग्रवाल, राकेश जोशी, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील साहब, शाहिद यासीनी, हाजी अतहर साहब व अन्य समाज के वरिष्ठगण शामिल रहे।

# भोलाराम साहू का भारत बस में सफर के साथ नगर के आमजन से भेंट मुलाकात

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के विभिन्न जगहों में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण किया। राजीव गांधी चौक, गाँधी चौक, अंबेडकर चौक, लाल किला चौक एवं भारत माता चौक में स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों तथा नगर के अधिकारी एवं कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया।



तत्पश्चात श्री साहू ने स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ नगर भ्रमण करते हुए लाल किला चौक से भारत बस को रुकवाया और बस में सवार होकर भारत माता चौक पहुंचे, सब देखकर आश्चर्यचकित हो गए एवं वृक्षारोपण भी किया गया। तत्पश्चात जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के प्रांगण में शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा आयोजित देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए. विधायक ने जिला एवं ब्लॉक में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं तथा प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही श्री साहू ने अपने उदबोधन में देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को याद कर नमन किया.

स्वतंत्रता दिवस का यह दिन हमें स्मरण कराता है कि हमें मिली आजादी बहुमूल्य है. विकसित भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता प्रदान कर देश को संवारने के अनुकरणीय कार्य में अपना योगदान देकर हम पूर्वजों की इस परंपरा को आगे बढ़ाने का यश हासिल कर सकते हैं, यही हमारा कर्तव्य भी है. इस दौरान गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, श्रीमती विद्या रमेश ताम्रकार अध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष नगर पंचायत, श्रीमती साधना सिंह पार्षद, अशोक वर्मा पार्षद, श्रीमती शीतल भुयार्य पार्षद, जनाब मोहसिन खान पार्षद, मोहम्मद रफीक खान, मनीष साहू, रामगोपाल शर्मा, नंदकुमार कुंजाम, मनोज मसीह, उदयराम साहू, श्याम सुंदर लाटा, धर्मेंद्र साहू, दामोदर शर्मा, बिट्टू रब्बानी, छगन बंजारे, अनिल महोबिया, अनिश कुरेशी, अफसान खान, विनोद डेहरिया, नवदीप बोरकर, श्रीमती प्रिया वंदना रामटेके, सीईओ जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, दिलीप कुमार यदु नगर पंचायत अधिकारी, बिशन देवांगन, समस्त प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं, अधिकारी, कर्मचारीगण, नागरिकगण एवं समस्त शैक्षणिक संस्था के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सुरगी में सरपंच आंनद साहू ने किया ध्वजारोहण



सुरगी (दावा)। प्रतिवर्ष के भांति ग्राम सुरगी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शा.उ.मा. शाला सुरगी के छात्र-छात्राओं ने बैंड बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली।

तत्पश्चात शा. उ. मा. शाला में एवं ग्राम पंचायत सुरगी के सरपंच आनंद साहू शासकीय पशु औषधालय में सुश्री वंदना, प्राथमिक शा. में किशान पुत्र फुलचंद साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. श्वेता बंसोर। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामिण बैंक में पी. के. हरदेल शाखा प्रबंधक, सुरगी वृहताकार सहकारी समिति में श्रीमती फुलबाई साहू एवं स्वामी विवेकानंद में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता समारुराम, दीपक, रैनसिंह पंच ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। शा.उ.मा. शाला में सरपंच आंनद साहू के मुख्य अतिथि में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भाषण छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को सरपंच आनंद साहू, प्राचार्य एन. के साई, सुकृतदास साहू सभा को सम्बोधित किये। शाला में बोर्ड परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन सिन्हा सर एवं आभार प्रदर्शन गौतम सर ने किया। अंत में मिष्ठान वितरण के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की।

# गौवंश के न्याय के लिए कांग्रेस ने किया सत्याग्रह

डोंगरगांव (दावा)। छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के आदेश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आज जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी रमेश खंडेलवार, नरेश शुक्ला और ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू की अगुवाई में गौ सत्याग्रह के लिए कांग्रेसी सडक में भटकते मवेशियों के साथ एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे. गौ वंश की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए गौ धन योजना लागू करने की मांग के लिए कांग्रेसियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया।

### सड़कों पर घूमते मवेशियों को दफ्तर में कराया प्रवेश

कांग्रेस के इस आयोजन की सूचना लगते ही पहले ही एसडीएम कार्यालय के गेट पर ताला लगा दिया गया था और पुलिस बल की तैनाती की गई थी किंतु कांग्रेसी पुलिस बल के सामने अपने साथ मवेशियों को कार्यालय में प्रवेश कराने में सफल रहे। प्रवक्ता मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला ने विधायक दलेश्वर साहू के कुशल रणनीति व मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम को सफल बताया, इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी के सभी विंग के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा अपनी एकजुटता दिखाई।

# ग्राम कन्हारगांव प्राथमिक शाला से अनेक विद्यार्थियों का चयन एकलव्य विद्यालय के लिए



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम कंहारगांव के शास. प्राथमिक शाला में इस वर्ष एकलव्य विद्यालय राजनंदगांव पेंड्री स्कूल मे कक्षा 6 वीं के लिए 7 बच्चों का चयन हुवा है इनमें मिनाक्षी कंवर, डिम्पल मंडावी, प्रतिज्ञा कुंजाम, खुशबू कुंजाम, भागचंद गोंड, लक्की, हर्ष कुमार, एकलव्य विद्यालय में चयनित हुआ है।

चयन होने पर इन सभी बच्चों का गुलाल तिलक लगाकर स्कूल के शिक्षक, सरपंच, गाँव के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा गुलाल का तिलक लगाकर इन सभी बच्चों का सम्मान किया गया। साथ ही साथ कक्षा पाचवीं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों का भी तिलक लगाकर समान किया गया। पाचवीं में स्थान पाने वाले बच्चे कुसुम निषाद, गेनुका पटेल, वीणा साहू, स्कूल में प्रथम स्थान, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। साथ ही साथ नवोदय विद्यालय मे चयनित बच्चे विवेक गंगाधर साहू और लवन्या कंवर का भी तिलक लगाकर सम्मान किया गया। शाला परिवार कन्हारगांव की ओर से प्रधान पाठक सोमनाथ कोरे, शिक्षक कुलेश्वर सिन्हा, महेश ठाकुर, घनश्याम जेठूमल, रम्हला मंडावी, पूर्व माध्यमिक शाला से ईश्वर साहू, नमिता साहू, तोमेश पटेल, सरपंच सरला गंगाधर साहू, उपसरपंच जैन मेश्रम अन्य ग्रामीणजन कुंभकरन, धर्मेंद्र साहू, सतानंद कंवर, पितम साहू, फुलेश्वरी साहू, सविता गोड, दिना कंवर, नामदेव साहू, खेमिन पटेल, डुमेश्वरी पटेल, रेवती गोड, गुलापा कंवर, रामजी साहू, तेजलाल गोड, प्यारे नेताम, पूर्णिमा साहू, लालसिंह साहू सावित्री साहू और साथ में अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बासुला में रानी अंवतीन बाई का जयंती मनाया, किया पौधरोपण



**ठेलकाडीह (दावा)। ग्राम बासुला में रानी अंवतीन बाई का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर पौधरोपण किया।**

इस दौरान समाज के सर्किल अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, लोधी समाज के अध्यक्ष उमन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डाकेश्वर वर्मा, सचिव मन्ना वर्मा, गिरवर वर्मा, तेजस्वी वर्मा, जीतू वर्मा रोहित सुलाखे, सागर वर्मा, सतानंद वर्मा, झनक वर्मा धनीराम वर्मा, सहित वर्मा समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान कहा कि रानी अवंती बाई लोधी अग्रेजी हुकुमत का विरोध करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाली भारत के इतिहास में प्रथम महिला थी। उन्होने कभी भी अग्रेजों से हार नही मानी। रानी अंवती बाई के बलिदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता । इस दौरान समाज के लोगों द्वारा पौधरोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया।

# जामा मस्जिद परिसर में शानो शौकत के साथ फहराया तिरंगा




डोंगरगढ़(दावा)।15 अगस्त को आजादी की खुशी पर सुबह 7:00 बजे गोल बाजार स्थित जामा मस्जिद के सामने बड़े ही शानो शौकत के साथ तिरंगा फहराया गया। जिसमें इमाम साहब जमा मस्जिद आसिफ अली और मोहम्मद फिरोज अशरफी शम्मी भाई अमीर अली अंसार राज़ नबी भाई और ज्यादा तादाद में जमात के लोग उपस्थित रहे।

# कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई बर्बर घटना के विरोध में उतरे डॉक्टर्स

## घटना के विरोध में डाक्टरों ने शहर में निकाली बाइक रैली, शहर के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ डाक्टरों द्वारा सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। कोलकाता हास्पीटल में एक महिला डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार व हत्या जैसी बर्बर घटना के विरोध में 17 अगस्त शनिवार को शहर सहित जिले भर की चिकित्सीय सेवा बाधित रही। शहर के निजी चिकित्सालयों के डाक्टरों के अलावा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री के डॉक्टर्स व नर्स अपनी चिकित्सीय सेवा बंद कर हड़ताल पर रहे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डाक्टरों ने शहर में उक्त घटना के विरोध में बाईक रैली भी निकाली जिसका नगर भ्रमण भी हुआ वहीं शहर भर के वरिष्ठ डाक्टरों द्वारा कलेक्ट्रोरेट के समीप एकत्रित होकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

बता दें कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के देश भर में चिकित्सा सेवा वापिस लेने के आह्वान का शहर सहित पूरे जिले भर में असर देखा गया। शनिवार 17 अगस्त को शहर के तमाम निजी नर्सिंग होम, निजी चिकित्सालयों सहित शासकीय चिकित्सालयों में भी चिकित्सीय सेवा ठप रही। शहर के सिर्फ जिला चिकित्सालय को छोड़ दें तो सभी जगह के हास्पीटलों में चिकित्सीय सेवा बाधित रही। हालांकि इससे मरीजों को परेशानी हुई लेकिन कैजुअल्टी की व्यवस्था बनी रही। बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय तो दिन भर चालू रहा और यहां और दिन की तरह डाक्टरों और नर्सों की चिकित्सीय सेवाएं जारी रही।

### डाक्टरों को इंसान ही रहने दें

कोलकाता में हुई उक्त नृशंस घटना के विरोध में एकत्रित हुए शहर के वरिष्ठ डाक्टरों ने उक्त घटना के पुरजोर शब्दों में निन्दा की और कहा कि पूरे देश का चिकित्सक समाज इस क्रूर घटना से दुखी और आक्रोशित हैं।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. एम.के. दिवाकर ने कहा कि डाक्टरों को इंसान ही रहने दें। कहने को तो बहुत आसान होता है कि डाक्टर भगवान है लेकिन डाक्टरों के साथ इस तरह की घटना होना निंदनीय है। रात-रात भर जागकर वे चिकित्सा करते हैं। 24 घंटे उनकी उपलब्धता



शासकीय व निजी चिकित्सालयों की चिकित्सा सेवा रही ठप्प

मिलती है। उनके साथ इस तरह की घटनाएं निश्चित ही देश व समाज को शर्मशार कर देने वाली है। ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने कहा कि हम मरीजों को अपना वक्त व जीवन देते हैं, हम ही नहीं रहेंगे तो तुम कहां रहोगे? उन्होंने कोलकाता की दर्दनाक घटना की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि लड़की, बहन-बेटियों के साथ ऐसा होगा तो कौन डॉक्टर बनेगा, देश की स्वास्थ्य का क्या होगा? इस दौरान शहर के डॉ. ए.एस. दीक्षित, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. नरेंद्र गांधी, डॉ. उत्तम कोठारी, डॉ. मोहन पारख, डॉ. प्रकाश खुंटे, डॉ. जेठानी, डॉ. गुप्ता, डॉ चेलानी, डॉ. भदौरिया सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ डाक्टरों की उपस्थिति रही।

### डॉक्टरों ने सीएम साय के नाम सौंपा ज्ञापन

इस दौरान डाक्टरों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम पश्चिम बंगाल में पी.जी. महिला चिकित्सक के साथ ड्यूटी पर घटित रेप और हत्या का विरोध एवं प्रदेश में महिला चिकित्सको को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में हुई उक्त घटना के विरोध में 14 अगस्त को शांतिपूर्वक आन्दोलन कर रहे चिकित्सको पर अनियंत्रित भीड़ द्वारा किये गए हमले, अस्पताल, प्रदर्शन स्थल पर तोड़फोड़ एवं बर्बरता की आलोचना कर कठोर दंड दिए जाने की मांग करता है।

इसी तरह कहा गया कि प्रदेश में भी आए दिन अस्पतालों में चिकित्सकों के साथ हिंसक घटनाएं होती रहती है जिसके लिए डॉक्टर्स प्रोटेक्शन एक्ट प्रभावी ढंग से लागू किये जाने की आवश्यकता है। आगे कहा गया कि छत्तीसगढ़ चिकित्सक महासंघ पश्चिम बंगाल सरकार, केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार से चिकित्सकों की सुरक्षा एवं न्याय हेतु तत्काल कार्यवाही की मांग करता है। इसमें डाक्टरों द्वारा पश्चिम बंगाल में न्याय की गुहार लगाते शांतिपूर्वक आन्दोलनरत चिकित्सकों को 24 घंटे उचित सुरक्षा प्रदान करने तथा सेन्ट्रल डॉक्टर्स प्रोटेक्शन एक्ट तैयार कर डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय कानून लागू किया जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा इसकी अनुशंसा भारत सरकार से किए जाने की मांग प्रमुख हैं।

# माहेश्वरी महिला मंडल का वृक्षारोपण कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम'



राजनांदगांव (दावा)। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्थानीय कल्पवृक्ष सोसाइटी में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के अंतर्गत संकल्प सिद्धा ग्राम विकास एवं राष्ट्र उदय समिति द्वारा पूरे भारत में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण का कार्यक्रम कराया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कल्पवृक्ष सोसाइटी में वृक्षारोपण किया गया जिसमें महिला मंडल सदस्यों ने तिरंगा थीम के साथ भारत माता को दर्शाया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी, जिला अध्यक्ष विनीता डागा, जिला सचिव प्रीति चितलांगिया, स्थानीय अध्यक्ष दीपा बागड़ी सचिव अनीता चितलांगिया कोषाध्यक्ष सीमा डागा, प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री सुषमा राठी, सहसंयोजिका रेखा सदानी, शीला गांधी, विमला लड्ढा, रेनू चितलांगिया, पूजा लाहोटी और भारत माता के रूप में पिंकी धूत की उपस्थिति रही। उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पेड़ लगाकर उसका संरक्षण कर पर्यावरण में संतुलन बनाए रखना है क्योंकि हमारी जन्मभूमि भी जननी तुलय सर्वश्रेष्ठ है। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पिंकी धूत ने दी।

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में प्रभावी साबित होगा सीआरसी का नया भवन - केन्द्रीय मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम ठाकुरटोला में दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) राजनांदगांव का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने सीआरसी के पुराने भवन का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने कहा कि देश में दिव्यांगजनों के पुर्नवास एवं विशेष शिक्षा के लिए 10 राष्ट्रीय संस्थान तथा 25 सीआरसी चलाये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए भवन में सीआरसी का संचालन किया जा रहा है। यह प्रदेश का पहला सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में पुराने भवन में संचालित है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नये भवन का निर्माण कराया गया है। जैसे ही यहां का कुछ अधूरा कार्य पूर्ण हो जाएगा पुराने भवन से नये भवन में सीआरसी शिफ्ट हो जाएगा। इस केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए दी जा रही सेवाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से दी जाएगी। यहां फिजियोथैरेपी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। दिव्यांगजनों को ज्यादा अच्छी सुविधाएं मिलगी। ज्यादा मशीनें उपलब्ध करवायेंगे। डिप्लोमा कोर्स के साथ-साथ डिग्री कोर्स, प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ किया जायेगा। यहां के विद्यार्थी



दिव्यांगजनों के क्षेत्र में विशेषज्ञ तौर पर सेवाएं दे सकते हैं। यह सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए व्यावहारिक केन्द्र बनने वाला है। साथ ही मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों का ईलाज एवं उनको सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा सकेगा। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया और कहा कि यहां नये सीआरसी भवन में अच्छे से दिव्यांग बच्चों को सेवाएं दे पायेंगे। यहां विद्यार्थियों को विशेषज्ञ के तौर पर और जॉब के लिए अवसर मिलेंगे। सीआरसी भवन में हॉस्टल भवन की सुविधा के लिए 11 करोड़ रूपए हॉस्टल के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीआरसी में सुविधा एवं गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। दिव्यांगजनों के हित के लिए सभी को आगे आना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते है कि सबका साथ सबका विकास इस मंशा के साथ हमें दिव्यांगजन को भी सशक्त बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट बनाने का सपना लेकर चल रहे हैं। इस सपने को साकार करने के लिए सीआरसी को सशक्त बनाना है। दिव्यांगजनों से संबंधित सभी संस्थानों को सशक्त बनाया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि यह सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए अच्छा साबित होगा। दिव्यांगजनों को सशक्त करने की दिशा में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा कार्य किए जा रहे हैं।

यह सौभाग्य की बात है छत्तीसगढ़ में इतना अच्छा सीआरसी भवन बना है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवंटित 4151.38 वर्ग मीटर भूमि पर सीआरसी राजनांदगांव का नया भवन राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में निर्माण किया गया है। यह भवन 32 करोड़ की लागत से लगभग 2 मंजिलों में सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है। इस भवन में कुल 35 कमरे हैं। जिसमें भूतल में 17 कमरे, पहली मंजिल में 18 कमरे का निर्माण हुआ है। इस अवसर पर आलोक सोठी, सीआरसी निदेशक श्रीमती स्मिता महोबिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, सीआरसी स्टॉफ उपस्थित थे।

## महिला सुरक्षा संगठन की अध्यक्ष ने एसपी को बांधी राखी



राजनांदगांव (दावा)। रक्षाबंधन के पावन पर्व को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को तिलक लगाकर राखी बांधकर शुभकामनाएं दी कांति मौर्य राजनांदगांव महिला सुरक्षा संगठन की कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान की अध्यक्ष पुष्प लता सेरूवा।

## एबीवीपी ने पश्चिम बंगाल में हुए ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का किया पुतला दहन



राजनांदगांव (दावा)। आज एबीवीपी के द्वारा राजनांदगांव नगर के द्वारा कोलकाता में हुए ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार के बाद क्रूरता से की गई हत्या के मामले को लेकर कोलकाता व राज्य सरकार द्वारा पहले भी हुए वारदात पर और अभी भी ममता सरकार द्वारा कोई ठोस कदम न उठाने के व दोसियो को और सबूत छुपाने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में हादसे वाले जगह पर जानबूझकर रिपेरिंग कार्य शुरु कर आरोपियों को बचाने में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पूर्ण रूप से संलिप्त होने के और जांच में पूर्ण रूप से सहयोग ना करने के कारण ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। साथ ही दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए एबीवीपी ने केंद्र सरकार से मांग है और हॉस्पिटल को सेफ जोन घोषित करने के मांग की।

# पुलिस ने स्कूटी के डिक्की से सोने का मंगलसूत्र व 60 हजार रुपए चोरी करने वाले आरोपी को धरदबोचा

## घर के निकट का पड़ोसी ही निकला चोरी का आरोपी

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में हुए चोरी के आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी प्रार्थी के स्कूटी के डिक्की से सोने का मंगलसूत्र व नगदी, 60 हजार रुपए निकाल लिया था। उसके पास से चोरी के माल शत-प्रतिशत बरामद कर लिया गया है.

उक्त आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसे फिर से सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप ने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया की गत 14 अगस्त को दोपहर 02 बजे खेत से घर आकर आलमारी में रखे अपनी पत्नि के सोने का मंगलसूत्र कीमत 40 हजार रुपए को सफाई कराने और नगद 60 हजार रूपये को बैंक में जमा करने निकालकर एक कपडे में बांधकर बाहर में खड़े अपने स्कूटी के डिक्की मे रखकर चाबी को स्कूटी में ही छोड़कर घर में ताला लगाने के लिए ताला चाबी लेने अंदर गया



था और घर में ताला लगाने के बाद बाहर आकर चाबी को स्कूटी के डिक्की में रखने के लिए खोला तब देखा कि डिक्की में रखे सोने का मंगलसूत्र और 60 हजार रुपए नगदी रकम को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया है। पुलिस ने उक्त लिखित रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 345/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई तत्पश्चात उनके दिशा निर्देशों के आधार पर उनके स्वयं के द्वारा चोरी किए गए माल और आरोपी के पतासाजी के लिए टीम गठित कर मुखबिर लगाया गया। उनके जरिये सूचना मिलने पर कि ग्राम इंदामारा का एक व्यक्ति मोजेश वर्मा के पास चोरी किया हुआ माल है।

संदेही को ग्राम इंदामारा से पूछताछ करने हेतु थाना लाया गया जो पहले पूछताछ करने पर गोल-मोल जवाब देकर घूमा रहा था लेकिन पुलिस के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि जब प्रार्थी वीरेंद्र वर्मा निवासी इंदामारा ताला लगाने के लिए अपने घर अंदर गया तब आरोपी अपने घर के गेट के पास खड़ा था आसपास कोई भी व्यक्ति दिखाई नहीं देने से मौका पाकर तुरंत आरोपी के द्वारा प्रार्थी के स्कूटी के डिक्की में रखें सोने का मंगलसूत्र 09 पत्ती वाला और नगदी रकम 60 हजार रुपए निकाल लिया और अपने घर में रखना बताया। जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया

उक्त कार्रवाई में थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक कश्यप सहित उप निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा, आरक्षक राकेश ध्रुव, राकेश थावरे, कमल किशोर यादव, मुकेश सोनवानी का सराहनीय योगदान रहा।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com